Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक-45 गुरूवार,15 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

*अंगारभरी राहों पर चलने से जो डरते हैं वे कायर कहलाते हैं।*
-लार्ड विलियम बैंटिंक-

## संक्षिप्त खबरें

### कॉलेजियम ने न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए 5 नामों की सिफारिश की



**नई दिल्ली, 14 दिसंबर 2022(ए)।** प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए केंद्र को हाई कोर्ट के पांच न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की. इनमें राजस्थान हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल और पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय करोल का नाम शामिल है. सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की गई सिफारिश के मुताबिक, कॉलेजियम ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए मणिपुर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पी.वी. संजय कुमार के नाम की भी सिफारिश की है. इसके मुताबिक, कॉलेजियम ने पटना हाई कोर्ट के न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश मनोज मिश्रा को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश भी की.
केंद्र द्वारा कॉलेजियम की सिफारिश स्वीकार किए जाने पर प्रधान न्यायाधीश सहित 34 न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या के मुकाबले शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की कुल संख्या बढ़कर 33 हो जाएगी. कॉलेजियम ने झारखंड, जम्मू कश्मीर और लद्दाख तथा गुवाहाटी के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के रूप में तीन उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पदोन्नति की भी सिफारिश की।

### शख्स ने छात्रा पर किया तेजाब से हमला,हुई घायल



**नई दिल्ली, 14 दिसंबर 2022(ए)।** दिल्ली के द्वारका इलाके के पास एक व्यक्ति ने 12वीं कक्षा की एक छात्रा पर तेजाब फेंककर उसे घायल कर दिया। छात्रा का इलाज सफदरजंग अस्पताल में चल रहा है। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम. हर्षवर्धन के मुताबिक, पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) को सुबह करीब 9 बजे मोहन गार्डन इलाके में तेजाब हमले की घटना के बारे में सूचना मिली।फोन करने वाले ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब साढ़े सात बजे बाइक पर पीछे बैठे एक व्यक्ति ने 17 वर्षीय एक छात्रा पर तेजाब जैसे किसी पदार्थ से हमला किया। डीसीपी ने कहा, घटना के समय युवती अपनी छोटी बहन के साथ थी। उसने दो परिचितों पर संदेह जताया है। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है, मामले में आगे की जांच जारी है।

### मनीष तिवारी ने चीनी अतिक्रमण पर लोकसभा में दिया स्थगन नोटिस



**नई दिल्ली, 14 दिसंबर 2022(ए)।** कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने बुधवार को चीनी अतिक्रमण के मुद्दे पर लोकसभा में स्थगन नोटिस दिया। तिवारी के नोटिस में कहा गया है कि कई ऐसे महत्वपूर्ण प्रश्न हैं, जिन्हें पूछे जाने की आवश्यकता है। ये झड़पें क्यों हो रही हैं, पहले गालवान और अब यांग्त्से? चीनी क्या चाहते हैं? क्या सरकार चीनी दुर्भावनापूर्ण इरादों से अवगत है? क्या हमने चीनियों के लिए कोई क्षेत्र खो दिया है? यदि हां, तो सरकार इसे वापस पाने के लिए कैसी योजना बना रही है?

### पूर्व गवर्नर रघुराम राजन भारत जोड़ो यात्रा में हुए शामिल

**जयपुर, 14 दिसंबर 2022(ए)।** आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन बुधवार को राजस्थान में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। सवाई



माधोपुर के भदोती से बुधवार सुबह फिर शुरू हुई यात्रा के दौरान राहुल गांधी की रघुराम राजन से आधे घंटे से अधिक समय तक चर्चा हुई। राजन आर्थिक मुद्दों पर बेबाक राय रखने के लिए जाने जाते हैं। दोनों ने एक डॉक्यूमेंट्री के लिए आर्थिक मुद्दों पर अपने विचार रखे।

# जहरीली शराब से 21 लोगों की मौत से मचा हाहाकार

### कई लोगों की आंखों की रोशनी भी घटी

**छपरा, 14 दिसंबर 2022(ए)।** शराबबंदी वाले बिहार में एक बार फिर से जहरीली शराब का कहर देखने को मिला है। सारण जिले में जहरीली शराब पीने से मौत का आंकड़ा बढ़कर 21 पहुंच चुका है। इसमें सबसे अधिक मसरख के 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि अमनौर के तीन एवं मढ़ौरा के एक व्यक्ति शामिल है। वहीं, बीमार पड़े कई लोगों ने आंखों की रोशनी घटने की शिकायत भी की है।
वहीं, आधा दर्जन से अधिक लोगों का उपचार सदर अस्पताल एवं पटना के पीएमसीएच में चल रहा है। मृतकों के कई परिजन बीमारी से मौत होने की भी बात बता रहे हैं। पुलिस प्रशासन इस घटना पर कुछ भी बताने से इनकार कर रहा है।पुलिस कप्तान संतोष कुमार ने बताया कि पूरे मामले की अभी पड़ताल की जा रही है। घटना के बाद सोमवार की रात ही सदर अस्पताल में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

### ग्रामीणों ने शव रखकर स्टेट हाईवे को किया जाम

इस घटना के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने मशरख हनुमान चौक स्टेट हाईवे-90 पर शव को रखकर जाम कर दिया है। स्थानीय ग्रामीण जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। मशरख में ग्रामीण उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं। आक्रोशित लोगों को समझाने के लिए पुलिस के वरीय पदाधिकारी कई थाने के पुलिस के साथ वहां पहुंचे हुए हैं।

### मशरख,आमौर एवं मढ़ौरा के मरे हैं लोग

घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि इसुआपुर थाना क्षेत्र के डोइला से आए जहरीली शराब पीने से अमनौर, मढौरा एवं मशरख प्रखंड के अब तक 21 लोगों की मौत हुई है। कई गंभीर रूप से बीमार हैं। सभी बीमारों को मशरख स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। वहां से एक व्यक्ति को छपरा सदर अस्पताल रेफर किया गया है। सदर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।
प्राप्त जानकारी के मुताबिक,



इसुआपुर थाना क्षेत्र में शराब पीने से डोयला गांव निवासी वकील सिंह के पुत्र संजय सिंह एवं मशरख जादू मोड निवासी यदु सिंह के पुत्र कुणाल कुमार की मौत पहले हुई, जबकि पचखान्दा के एक युवक सहित मशरख के हरेंद्र राम एवं डोयला के अमित कुमार की हालत नाजुक है। अमित कुमार का इलाज छपरा सदर अस्पताल में चल रहा है, जबकि अन्य बीमार लोगों का इलाज मशरख स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है।

### सोमवार की रात लोगों ने पी थी शराब

बताया जाता है कि सभी लोगों ने सोमवार की शाम में एक जगह पर शराब पी रखी थी। इसके बाद मंगलवार के दिन से उनकी हालत बिगड़ने लगी। शाम में सभी को मशरख स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के बाद छपरा रेफर किए जाने पर तीन लोगों की मौत हो गई थी। मशरख के हनुमानगंज निवासी अजय कुमार ने बताया कि डोयला बाजार में वह मुकेश शर्मा के साथ शराब पी थी। बताया जाता है कि शराब की खेप डोयला, बहरौली, अमनौर में पहुंची थी।
जहरीली शराब पीने से बीमार पड़े इन लोगों का चल रहा उपचार
छपरा सदर अस्पताल में शराब पीने से उल्टी व आंख की रोशनी कम होने की शिकायत पर मशरक थाना क्षेत्र के बहरौली गांव निवासी मकसूद अंसारी के 32 वर्षीय पुत्र नूर हसन अंसारी, फुलेना साह के 37 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार साह, स्वर्गीय मिश्री साह के 30 वर्षीय पुत्र रूपेश कुमार, धनेश्वर साह के 30 वर्षीय पुत्र सचिन साह, सुनील शाह के 25 वर्षीय पुत्र गोविंद कुमार, सूरज गिरि के 40 वर्षीय पुत्र अजय गिरि, फुलेना साह के 65 वर्षीय पुत्र नरेश साह, धनेश्वर साह के 28 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार, स्वर्गीय मथुरा साह के 30 पुत्र सूरज साह व 25 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार, शत्रुघन महतो के 24 वर्षीय पुत्र सत्यदेव महतो, मथुरा साह के 35 वर्षीय पुत्र कमलेश कुमार एवं मसरख थाना क्षेत्र के मलमलिया रोड निवासी जटा साह के 37 वर्षीय पुत्र विश्वकर्मा पटेल, पचखंडा निवासी घिनावन राय के 70 वर्षीय पुत्र गोविंद राय, इसुआपुर थाना क्षेत्र के ढोला गांव निवासी शिवकुमार पंडित के 50 वर्षीय पुत्र अशोक पंडित का उपचार चल रहा है।

# भारत-चीन झड़प पर अमेरिका ने दी प्रतिक्रिया



### इस बात पर जताई खुशी

**नई दिल्ली, 14 दिसम्बर 2022।** भारत और चीन के सैनिकों के बीच अरुणाचल प्रदेश के तवांड में झड़प की तस्वीरें सामने आई हैं। चीनी सैनिकों ने जब भारत की हिस्से में घुसने की कोशिश की तो भारतीय सैनिकों ने उन्हें खदेड़ दिया। इस मुद्दे पर अमेरिका ने भी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिका ने इस बात पर संतोष जाहिर किया कि यह बहुत अच्छी बात है कि दोनों देशों की सेनाएं पीछे हट गई हैं। अमेरिका ने कहा कि वह इस स्थिति पर नजर बनाए हुए है। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन प्रशासन इस बात से खुश है कि तवांग सेक्टर में टकराव के बाद दोनों देशों के सैनिक जल्दी से पीछे हट गए।

### व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी कैरीन जीन पीयर ने कहीं ये बात

प्रेस ब्रीफिंग के दौरान व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी कैरीन जीन पीयर ने कहा कि दोनों देश मौजूदा स्थिति पर द्विपक्षीय रास्तों का इस्तेमाल करे और इस मामले को शांति से सुलझाए। अमेरिका ने कहा कि हम भारत और चीन को बातचीत करने के लिए प्रेरित करते हैं, सीमाओं को लेकर जो भी विवाद है, बातचीत के जरिए समाधान किया जाए। इससे पहले चीन ने भी झड़प पर अपना बयान जारी किया था। चीन ने कहा था कि भारतीय सीमा पर स्थिति 'स्थिर' है।
बता दें कि तवांग में चीन ने इलाके में यथास्थिति बदलने की एकतरफा कोशिश की, तो उस दौरान जम्मू-कश्मीर राइफल्स, जाट रेजिमेंट और सिख लाइट इन्फेंट्री के सैनिक झड़प वाले स्थान पर मौजूद थे। चीनी डंडों और अन्य चीजों के साथ झड़प करने वाले थे। वहीं, भारतीय सैनिक भी तैयार थे। खबर है कि भारतीय जवानों ने चीनी सेना को खदेड़ दिया। झड़प के दौरान दोनों पक्षों के कुछ सैनिकों को मामूली चोटें आईं। वहीं, भारत-चीन सीमा तनाव को लेकर संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान हंगामा देखने को मिल रहा है।

## मूसेवाला हत्याकांड:पुलिस के 12 अधिकारियों को मिली वाई श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली, 14 दिसम्बर 2022।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले की जांच कर रहे दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के 12 अधिकारियों को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने



विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल, पुलिस उपायुक्तों, विशेष प्रकोष्ठ मनीषी चंद्रा और राजीव रंजन सहित 12 अधिकारियों के लिए सुरक्षा आवंटन को मंजूरी दी। एक अधिकारी ने कहा कि एसीपी ललित नेगी, हृदय भूषण, वेद प्रकाश, राहुल विक्रम और इंस्पेक्टर सुनील कुमार, विक्रम दहिया, निशांत दहिया और विनोद कुमार के साथ एक सशस्त्र पुलिस कमांडो चौबीसों घंटे तैनात रहेगा।
दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता सुमन नलवा ने घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कहा कि 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा 24 घंटे तैनात रहेगी। यह कदम पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरविंदर रिंडा के सहयोगियों द्वारा सोशल मीडिया पर स्पेशल सेल के अधिकारियों को धमकी देने के बाद आया है।

# चीन से हुआ था दिल्ली एम्स का सर्वर हैक



### स्वास्थ्य अधिकारी ने किया खुलासा

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर 2022(ए)।** कुछ पहले दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का सर्वर हैक हो गया था। केंद्रीय परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी ने एक बड़ा खुलासा क्या है। उन्होंने कहा है कि एफआईआर के मुताबिक यह साइबर हमला चीन की ओर से हुआ था। हैकर्स ने 100 सर्वर में पांच को हैक कर लिया था। हालांकि इन पांचों सर्वर से डाटा को निकाल लिया गया है।बीते दिनों दिल्ली एम्स में भी सर्वर हैक की खबर सामने आई थी। लगातार हो रहे साइबर हमलों के मामलों को लेकर अब भारत सरकार पहले से ज्यादा अलर्ट हो गई है। चीन केवल सीमा पर ही नहीं, बल्कि साइबर अटैक के जरिये भी भारत को लगातार प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। जानकरी के अनुसार दिल्ली एम्स में 23 नवंबर को सिस्टम में गड़बड़ी हुई और दो दिन बाद दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस यूनिट ने जबरन वसूली और साइबर आतंकवाद का मामला दर्ज किया। हालांकि, पुलिस ने इन खबरों का खंडन किया है कि हैकर्स ने सिस्टम को रिस्टोर करने के लिए फिरौती के तौर पर क्रिप्टोकरेंसी में 200 करोड़ रुपए मांगे।

## धन शोधन मामले में मुख्तार अंसारी को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर 2022(ए)।** हत्या के प्रयास और हत्या समेत कई मामलों में उत्तर प्रदेश में मुकदमों का सामना कर रहे गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी को धन शोधन के मामले में आज प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया । उन्हें उत्तर प्रदेश में एक स्थानीय अदालत में पेश करने के बाद गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पांच बार के पूर्व विधायक अंसारी उत्तर प्रदेश के बांदा में एक जेल में बंद हैं। ईडी ने पिछले साल इस मामले में 59 वर्षीय नेता से पूछताछ की थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने धन शोधन रोकथाम कानून की आपराधिक धाराओं के तहत उन्हें हिरासत में लिया।



उन्हें एजेंसी द्वारा पेशी वारंट के आधार पर प्रयागराज की एक अदालत में पेश किया गया था। संघीय जांच एजेंसी ने नवंबर में प्रयागराज में अपने कार्यालय में पूछताछ के बाद उनके विधायक बेटे अब्बास अंसारी को भी गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले मुख्तार अंसारी के रिश्तेदार आतिफ रजा को गिरफ्तार किया गया था। मुख्तार अंसारी के खिलाफ धन शोधन का मामला उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज कई प्राथमिकियों से निकला है।
इसके अलावा विकास कंसट्रक्शंस नामक कंपनी के खिलाफ दो प्राथमिकियां दर्ज की थी जिसे अंसारी की पत्नी, आतिफ रजा समेत दो रिश्तेदार तथा अन्य लोग चला रहे थे। मुख्तार अंसारी जमीन हथियाने, हत्या और वसूली समेत अन्य आरोपों पर उनके खिलाफ दर्ज कम से कम 49 आपराधिक मामलों के संबंध में ईडी की जांच के घेरे में हैं।

# प्रश्न-पत्र में पूछे गए अश्लील सवाल,भड़की छात्रा





**खंडवा, 14 दिसंबर 2022(ए)।** मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के गर्ल्स कॉलेज में परीक्षा को लेकर मामला तूल पकड़ लिया था। प्रथम वर्ष की छात्राओं ने यहां आपत्ति दर्ज कराई है। छात्राओं के पर्सनालिटी डेवलपमेंट की परीक्षा होने वाली थी।
छात्राओं का आरोप है कि परीक्षा में आपत्तिजनक प्रश्न पूछे गए हैं। उन्होंने कहा कि सिलेबस से जुड़ा एक भी सवाल नहीं पूछा गया है। इस संबंध में छात्रों ने प्रिंसिपल से मिलकर अपनी बात रखी, जिसके बाद टेस्ट रद्द कर दिया गया है।
इसमें सबसे हैरान वाली बात है कि छात्रों से अजीबोगरीब सवाल पूछे गए। आइए जानते हैं कि छात्राओं ने किन सवालों को लेकर आपत्ति दर्ज कराई थी।

### ये हैं आपत्तिजनक सवाल

मुझे कभी-कभी यह चिंता होती है कि मैं कहीं नपुसंक न हो जाऊं।
विपरित लिंग के व्यक्ति से मिलने पर मुझे कुछ घबराहट सी मालूम होती है।
कभी-कभी मैं यह सोचकर परेशान हो जाता हूं कि कोध्र में मैं किसी की हत्या न कर दूं या भारी नुकसान न पहुंचा दूं,
बुढ़ाप से शारीरिक शक्ति के क्षीण होने की संभावना मुझे सताया करती है।
अश्लील सवालों पर भड़क गई छात्रा
इन सवालों के बाद कॉलेज की छात्रा भड़क गई। कॉलेज के करीब 2 दर्जन छात्रों ने इसकी लिखित शिकायत प्राचार्य से की। छात्राओं का आरोप है कि ऐसे अश्लील सवाल थे, जिनका जवाब देने में शर्म आ रही थी।
यह सभी छात्रों की गरिमा के खिलाफ है। आगे छात्रों ने बताया कि पर्सनालिटी डेवलपमेंट विषय की जगह मनोविज्ञान की किताब से प्रश्न पूछे गए। जो बिल्कुल आउट ऑफ सिलेबस था। इसके अलावा छात्रों ने बताया कि ऐसे सवाल क्लीनिकल होते हैं, इस तरह के संबंधित लोगों सवाल कर सकते हैं।

# दिल्ली में हर बेटी की सुरक्षा हमारे लिए महत्त्वपूर्ण : सीएम केजरीवाल

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर 2022(ए)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज सुबह एक छात्रा पर हुए एसिड अटैक के मामले ने पूरे दिल्ली को आक्रोशित कर दिया है। बेटियों की सुरक्षा के लिए हमेशा से जागरूक रहने वाली दिल्ली की जनता दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर एक बार फिर सड़क पर उतर आए हैं । छात्रा पर फेंके गए तेजाब मामले पर दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल का बयान सामने आया है। केजरीवाल ने कहा कि ये बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अपराधियों की इतनी



हिम्मत आख़िर हो कैसे गई? अपराधियों को सख़्त से सख़्त सज़ा मिलनी चाहिए। दिल्ली में हर बेटी की सुरक्षा हमारे लिए महत्त्वपूर्ण है। बता दें कि उत्तम नगर के निकट आज सुबह मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने कथित तौर पर 17 वर्षीय एक लड़की पर तेजाब जैसा पदार्थ फेंक दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना के बारे में सुबह करीब नौ बजे जानकारी मिली। मोहन गार्डन इलाके में लड़की पर यह हमला हुआ।पुलिस उपायुक्त एम. हर्षवर्धन ने कहा कि बताया गया है कि आज सुबह करीब साढ़े सात बजे मोटरसाइकिल पर आए दो लोगों ने 17 वर्षीय लड़की पर कथित रूप से तेजाब जैसा पदार्थ फेंक दिया। अधिकारी ने कहा कि घटना के समय लड़की अपनी छोटी बहन के साथ थी। सफदरजंग अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है। डीसीपी ने कहा कि लड़की ने दो लोगों को नामजद किया है, जो हमले के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। उनमें से एक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# मेघालय के 4 विधायकों को भाजपा ने किया पार्टी में शामिल

**शिलांग, 14 दिसंबर 2022(ए)।** मेघालय विधानसभा के चार मौजूदा विधायक फेरलिन संगमा, सैमुअल संगमा, बेनेडिक मारक और एचएम शांगप्लियांग असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए। मेघालय में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। जिसको लेकर राजनीतिक दलों की ओर से अभी से ही जोरआजमाइश शुरू कर दी गई है। आगामी 18 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिलॉंग में पूर्वोत्तर परिषद के स्वर्ण जयंती समारोहों में शामिल होने के लिए आने वाले हैं। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी महिला सशक्तिकरण, युवाओं की बेहतरी के नारे के साथ मेघालय में चुनावी बिगुल बजा दिया है। अब बीजेपी ने एक बड़ा दांव खेलते हुए चार विधायकों को अपने पाले में लाकर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर लिया है।



मेघालय विधानसभा के चार मौजूदा विधायक फेरलिन संगमा, सैमुअल संगमा, बेनेडिक मारक और एचएम शांगप्लियांग असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि यह चारों मौजूदा विधानसभा के विधायक हैं, इनके भाजपा में शामिल होने से हमें और मज़बूती मिलेगी। फरवरी में होने वाले चुनाव में बेहतर परिणाम हासिल होने में बड़ी सफलता मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 दिसंबर को मेघालय में पूर्वोत्तर परिषद के स्वर्ण जयंती समारोहों में शामिल होंगे। राज्य के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने यह जानकारी दी। संगमा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री सिर्फ तीन घंटे राज्य की राजधानी में रूकेंगे। उन्होंने यहां एक बैठक से इतर पीटीआई-से कहा,''प्रधानमंत्री 18 दिसंबर को राज्य का दौरा कर रहे हैं। वह यहां पूर्वोत्तर परिषद के स्वर्ण जयंती समारोहों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि समारोहों के लिए सुरक्षा इंतजाम किये जा रहे हैं।

# संपादकीय

## कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली की चिंता

कांग्रेस पार्टी और सोनिया गांधी के परिवार को दो पारंपरिक लोकसभा सीटों- अमेठी और रायबरेली की चिंता सता रही है। इन सीटों पर दशकों से परिवार का कब्जा रहा है लेकिन पिछले चुनाव में भाजपा की स्मृति ईरानी ने अमेठी सीट पर राहुल गांधी को हरा दिया था। राहुल की टीम को पहले से इसका अंदाजा था इसलिए केरल की वायनाड सीट से भी वे चुनाव लड़े थे, जहां से अभी सांसद हैं। सो, अब बड़ा सवाल यह है कि राहुल गांधी इस बार अमेठी से चुनाव लडेंगे या नहीं? अगर लड़ेंगे तो क्या एक ही सीट से लड़ेंगे या फिर अमेठी और वायनाड दोनों सीटों से लड़ेंगे?

ध्यान रहे नेहरू-गांधी परिवार का कोई भी सदस्य लगातार दो चुनाव नहीं हारा है। इंदिरा गांधी भी रायबरेली से हारी थीं तो चिकमगलूर से उपचुनाव में जीत गई थीं और उसके बाद फिर नहीं हारीं। सोनिया गांधी कोई भी चुनाव नहीं हारी हैं। राहुल भी 2004 से चुनाव लड़ रहे हैं और पहली बार 2019 में अमेठी से हारे। इसलिए परिवार यह जोखिम नहीं ले सकता है कि वे फिर से अमेठी लड़ें और हार जाएं। उत्तर प्रदेश की अभी जो स्थिति है, वह कांग्रेस के लिए बहुत अच्छी नहीं है। भाजपा हिंदुत्व की लहर पर सवार है और कांग्रेस व परिवार ने भी दोनों क्षेत्रों को छोड़ा हुआ है। दूसरी ओर भाजपा और स्मृति ईरानी दोनों क्षेत्र में सक्रिय हैं।

जहां तक रायबरेली का सवाल है तो यह लगभग तय है कि सोनिया गांधी इस बार चुनाव नहीं लड़ेंगी। उनकी सेहत भी ठीक नहीं है और कांग्रेस अध्यक्ष का पद छोड़ने के बाद वे लगभग संन्यास की स्थिति में हैं। अगर उनको सांसद बनना भी होगा तो शरद पवार की तरह राज्यसभा में चली जाएंगी। तभी माना जा रहा है कि उनकी सीट से इस बार प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ सकती हैं। उस सीट को लेकर कांग्रेस फिर भी भरोसे में है लेकिन अमेठी को लेकर पार्टी का भरोसा नहीं बन रहा है।

यह तय मानें कि इन दोनों सीटों पर भाजपा बड़ी लड़ाई बनाने का प्रयास करेगी। अगर प्रियंका और राहुल चुनाव लड़ते हैं या सिर्फ प्रियंका लड़ती हैं तब भी पार्टी घेराबंदी करेगी। कोई बड़ा और जुझारू उम्मीदवार उतारा जाएगा ताकि प्रियंका को उनके क्षेत्र में ही घेरा जा सके। कांग्रेस की एक चिंता यह भी है कि अगर राहुल गांधी फिर अमेठी नहीं लड़ते हैं तो कौन लड़ेगा? एक जमाने में जब परिवार का कोई सदस्य नहीं लड़ता था तो कैप्टेन सतीश शर्मा और संजय सिंह जैसे परिवार के करीबी लोग लड़ते थे। अब ऐसा कौन है, जिसको चुनाव लड़ाया जाए? कांग्रेस में इस बात पर विचार हो रहा है। क्या प्रियंका और उनके पति रॉबर्ट वाड्रा दोनों चुनाव लड़ सकते हैं? इसका क्या मैसेज होगा, इस पर भी विचार हो रहा है। अगले कुछ दिन में कांग्रेस को तय करना है कि रायबरेली और अमेठी की दो सीटों से कौन लड़ेगा और फिर उसकी तैयारी शुरू करनी है।

## व्यापार 20 (बी 20) संवाद समूह

# भारत की जी 20 अध्यक्षता,व्यवसायों के लिए एक अनूठा अवसर है

पिछले महीने बाली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान राजनेताओं की घोषणा में %अद्वितीय बहुआयामी संकट% के बारे में बात की गई थी, जिसका वर्तमान में दुनिया सामना कर रही है। इसमें सार्वजनिक निवेश में वृद्धि करने के साथ-साथ निजी निवेश को बढ़ावा देने और बहुपक्षीय व्यापार को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। वैश्विक अर्थव्यवस्था, सतत विकास और डिजिटलीकरण से संबंधित इसकी कई नीतिगत कार्रवाइयां; जी20 के व्यवसाय संवाद समूह, व्यापार 20 (बी20) द्वारा की गई सिफारिशों के अनुरूप थीं।

भू-राजनीतिक संबंधों के प्रत्यक्ष बदलाव के समय में, जी20 अध्यक्ष के रूप में भारत की भूमिका वैश्विक स्थिरता और व्यापक आर्थिक समन्वय पर केन्द्रित होगी, क्योंकि राष्ट्र महामारी के बाद, यूक्रेन संघर्ष और जलवायु परिवर्तन से निपटने का प्रयास कर रहे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम या ÷एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य÷ की थीम समसामयिक चुनौतियों को देखते हुए पूरी तरह उपयुक्त है और यह सामान्य वैश्विक मुद्दों का सामना करने के सन्दर्भ में, पूरी दुनिया को साथ मिलकर काम करने के लिए एक मंच देती है। बाली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देते हुए कहा था, ÷भारत की जी20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई-उन्मुख होगी।÷

भारत ने शेरपा ट्रैक के तहत 13 कार्य समूहों का गठन किया है, जो रोजगार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और व्यापार तथा निवेश समेत अन्य क्षेत्रों पर सिफारिशें प्रदान करेंगे। वित्त ट्रैक के तहत, जी20 के वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक व्यापक आर्थिक विकास, आर्थिक जोखिम और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना तथा अन्य बातों पर चर्चा करेंगे।




भारत द्वारा रेखांकित की गयी प्राथमिकताएं, दुनिया के सामने मौजूद महत्वपूर्ण मुद्दों का प्रतिनिधित्व करती हैं। जी20 देशों के बीच सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत ने व्यापार और निवेश, जलवायु परिवर्तन शमन तथा डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों को उल्लेखनीय रूप से प्रभावित किया है और देश आने वाले वर्ष में जी20 के नीतिगत निर्णयों को अंतिम स्वरूप देने के क्रम में एक बड़े विकासशील राष्ट्र के रूप में अपनी अंतर्दृष्टि का उपयोग कर सकता है। वैश्विक व्यापार, 2022 की अपेक्षित विकास दर 3.5 प्रतिशत की तुलना में धीमा होकर 2023 में केवल 1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत आज उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) जैसी प्रगतिशील नीतियों, कारोबार में आसानी मिशन तथा अवसंरचना निर्माण, जिसने इसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के विविधीकरण में योगदान देने में सक्षम बनाया है, की मदद से एक वैश्विक विनिर्माण और व्यापार केंद्र के रूप में उभरा है।

सतत विकास के सन्दर्भ में, भारत 2023 के जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में शीर्ष 5 पायदान वाले राष्ट्र के रूप में उभरा है, जो जी20 के बीच सबसे बेहतर है। भारत ने प्रमुख क्षेत्रों के लिए अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति पेश की है और नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, ई-गतिशीलता और मिश्रित ईंधन में महत्वपूर्ण पहल कीं हैं, जो इसे अपने राष्ट्रीय निर्धारित योगदान के मार्ग पर आगे बढ़ाते हैं।

भारत में तेजी से डिजिटलीकरण हो रहा है, जो खुदरा, फिनटेक, शिक्षा और कई अन्य क्षेत्रों को बढ़ावा दे रहा है। 1.17 बिलियन मोबाइल फोन ग्राहकों और 700 मिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के साथ, भारत में अक्टूबर 2022 के दौरान यूपीआई पर 7 बिलियन लेन-देन हुए। देश ने अपने वैक्सीन मिशन के लिए भी डिजिटल तकनीक को सफलतापूर्वक लागू किया है।

इन क्षेत्रों में भारत का नेतृत्व, आने वाले वर्ष में जी20 को अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। इसे दुनिया के व्यवसायों के सुझावों का समर्थन मिलेगा, जो जी20 संवाद समूहों के सबसे बड़े समूह, बी20 के तहत विचारों को विकसित करेगा। नामित बी20 सचिवालय के रूप में, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सरकार सहित अन्य हितधारकों के परामर्श से, परिचर्चा के लिए नौ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को रेखांकित किया है।

व्यापार के लिए बी20 भारत की प्राथमिकताएं- विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकरण, सेवा व व्यापार का विविधीकरण और अफ्रीकी साझा बाजार के अवसरों का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। वित्तीय समावेशन के विस्तार के साथ वित्तपोषण व अवसंरचना के विकास की भी पहचान की गई है। प्रौद्योगिकी के तहत नवाचार और आरएंडडी, डिजिटल बदलाव और कार्य का भविष्य, कौशल निर्माण तथा मोबिलिटी जैसी प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बी20 के विचार-विमर्श से ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और संसाधन दक्षता आदि क्षेत्रों को भी बहुत लाभ मिलने की उम्मीद है।

भारत की जी20 अध्यक्षता के एक भाग के रूप में, भारतीय व्यवसायों के पास इस वर्ष अपने दृष्टिकोण को साझा करने और वैश्विक आर्थिक विकास एवं स्थिरता को बढ़ावा देने का एक अनूठा अवसर है। अपनी उद्यमशील प्रतिभा, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ, हम दुनिया को अपनी ताकत दिखा सकते हैं, क्योंकि बी20 भारत संवाद को अंतिम स्वरूप दिया जा रहा है।

**-चंद्रजीत बनर्जी-**

# मुद्दों के दम पर जीती कांग्रेस

पहाड़ों में गिरते तापमान के बीच चुनाव परिणामों ने हिमाचल प्रदेश के मौसम में गर्माहट पैदा कर दी है। चुनाव परिणामों ने नब्बे के दशक से चले आ रहे पैटर्न को दोहराते हुए कई बड़े संकेत भी दिए हैं।

इन संकेतों को 'पांच साल कांग्रेस और फिर पांच साल बीजेपी' वाले फार्मूले से हटकर देखने की जरूरत है क्योंकि जहां बीजेपी राष्ट्रीय मुद्दों और चेहरों के साथ राज्य-दर-राज्य जीत रही है वहीं कांग्रेस लगातार कमजोर हो रही है। इधर कुछ वर्षो में बीजेपी ने जिस तरह से चुनाव लड़े हैं, उसे देखकर भी इन परिणामों को पैटर्न के तौर पर ही नहीं देखा जा सकता, जबकि हिमाचल में तो पांच वर्षो से बीजेपी की सरकार रही है और केंद्र में अनुराग ठाकुर जैसे मंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष भी इसी प्रदेश से आते हैं। ऐसे में हिमाचल में बीजेपी के हाथ से सत्ता का जाना और कांग्रेस की 40 सीटों के साथ वापसी हाल के चुनावी नतीजों के हिसाब से बड़ी घटना हैं।

हिमाचल का यह चुनाव राष्ट्रीय बनाम क्षेत्रीय मुद्दों और नेताओं के इर्द गिर्द रहा। बीजेपी जहां प्रधानमंत्री मोदी के नाम तो वहीं कांग्रेस स्व. वीरभद्र सिंह के कार्यों को आगे कर चुनाव लड़ रही थी। इस बार कांग्रेस ने इमोशनल कॉर्ड के तौर पर वीरभद्र के नाम को आगे करके ही चुनाव लड़ा। यह कांग्रेस की सोची समझी रणनीति थी। रणनीति में सफल भी हुई। हिमाचल की 68 सीटों वाली विधानसभा में बीजेपी का 25 सीटों पर सिमट जाना और कांग्रेस की 40 सीटें आने के पीछे बीजेपी की अंदरूनी खेमेबाजी की भी बड़ी भूमिका रही है। हिमाचल बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह राज्य है, लेकिन वह राज्य की राजनीति में कभी भी बड़ा फैक्टर नहीं रहे हैं। जैसा कि बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों का अपने गृह राज्यों में रहा है। इसके कारण हिमाचल में बीजेपी के कई गुट बन गए जिनमें एक मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर तो दूसरा प्रेम कुमार धूमल परिवार के इर्द गिर्द बनने लगा। गुटबाजी के कारण बीजेपी के 20-21 पुराने नेता बागी हो गए। उनमें से अधिकतर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर गए। इसका सीधा असर बीजेपी के वोट शेयर पर पड़ा जिसका फायदा कई जगह कांग्रेस के प्रत्याशियों को मिला। लोकल स्तर पर कांग्रेस ने इसका प्रचार भी बड़ा किया। उसकी जीत के मार्जन में उसे इसका फायदा भी मिला।




हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य है। वहां 2.25 लाख से ज्यादा सरकारी कर्मचारी और 1.90 लाख के आसपास पेंशनर हैं। सरकारी नौकरी में जाने का एक बड़ा लोभ रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली पेंशन है। जब से पुरानी पेंशन स्कीम खत्म हुई तब से यह तबका बीजेपी से नाराज चल रहा था। हिमाचल में पिछले कुछ वर्षो में जो आंदोलन हुए उनमें सरकारी कर्मचारियों का पेंशन आंदोलन एक बड़ा आंदोलन रहा है। सरकारी कर्मचारियों के इस आक्रोश को कांग्रेस ने अच्छे से भुनाया। हिमाचल की पहली रैली में ही प्रियंका गांधी ने इस मुद्दे पर बोलते हुए कहा, 'हमारी सरकार आएगी तो पहली कैबिनेट में पुरानी पेंशन स्कीम को लागू किया जाएगा।' कांग्रेस की इस घोषणा और बीजेपी को लेकर आक्रोश ने भी सत्ता परिवर्तन का नैरेटिव खड़ा करने में बड़ी मदद की। चुनाव में बीजेपी, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टीयों के साथ इस बार आप भी मैदान में थी।

चुनाव कैम्पेन के आरंभिक दौर में कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार हिमाचल में त्रिकोणीय मुकाबला होगा क्योंकि हिमाचल के बगल वाले राज्य पंजाब में आम अदामी पार्टी की सरकार बन चुकी थी और जोर-शोर से हिमाचल के चुनावों में उतरी थी। लेकिन जैसे-जैसे चुनावी पारा बढ़ता गया वैसे-वैसे आम आदमी पार्टी सिमटती गई। हिमाचल के चुनावी मैदान से आम आदमी पार्टी का गायब होना भी कांग्रेस को फायदा पहुंचा गया। इस बात की तस्दीक हिमाचल के वोट शेयर (बीजेपी- 43.00, कांग्रेस- 43.90 और आप- 1.10) भी करते हैं। बीजेपी और कांग्रेस के बीच में .90 प्रतिशत का अंतर है। हिमाचल जैसे छोटे राज्य में जहां विधानसभा में जीत-हार का अंतर कम रहता है, वहां पर अगर 'आप' का वोट शेयर थोड़ा भी बढ़ता तो उसका सीधा असर सीटों पर पड़ता। पिछले उत्तराखंड, गोवा और अब गुजरात चुनावों के आंकड़ों को देखें तो स्पष्ट होता है कि-जहां-जहां आप का वोट शेयर बड़ा है, वहां-वहां कांग्रेस का वोट शेयर कम हुआ है। इस बार के चुनावों में जयराम ठाकुर की सराकर के खिलाफ बड़े स्तर पर आक्रोश नहीं था लेकिन जमीनी स्तर पर अलग-अलग क्षेत्रों और समूह के बीच जो नाराजगी थी, उसे कांग्रेस ने रणनीतिक तौर पर संगठित करने का प्रयास किया। वह चाहे किन्नौर में जल विद्युत परियोजनाओं के खिलाफ लंबे समय से चल रहे 'नो मीन्स नो' का आंदोलन हो या फिर जयराम ठाकुर द्वारा 'सवर्ण आयोग' की घोषणा के बाद अन्य तबकों में उपजा आक्रोश हो या सेब पैकिंग के सामान पर जीएसटी लगने से आक्रोशित सेब बागवानी के किसानों का आंदोलन। इन सब मुद्दों को कांग्रेस ने स्थानीय स्तर पर दमखम के साथ उठाया और बीजेपी सरकार के खिलाफ माहौल बनाने में कामयाबी हासिल की है।

**-प्रकाश उप्रेती -**

## हम मर रहे हैं



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक
हरियाणा

हम हर रोज मर रहे हैं!
कभी शर्म से मर रहे हैं!
कभी डर से मर रहे हैं!
कभी कर्ज से मर रहे हैं!
कभी परेशानी से मर रहे हैं!
कभी एहसान से मर रहे हैं!
कभी अंधविश्वास से मर रहे हैं!
कभी रीति रिवाज से मर रहे हैं!
कभी निराशा से मर रहे हैं!
कभी अपमान से मर रहे हैं!
कभी हम चिंता से मर रहे हैं!
कभी हम तृष्णा से मर रहे हैं!
कभी उदासी से मर रहे हैं
हम जीऐ ही कब हैं
हम हर रोज ही पल पल मर रहे हैं!

## गीत



**प्रीति चौधरी मनोरमा**
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

भरो पंख में ऐसी ऊर्जा,
छू पाए जो अंबर को।
फूलों की घाटी कर देंगे,
एक रोज भू बंजर को।।
आशा का दीपक जब जलता,
आलोकित होता जीवन।
रख प्रकाश तू मन के अंदर ,
कर ले रौशन अब तन -मन।।
बाहर कहाँ ईश है मिलता,
बसता वो तो अंतर को।
फूलों की घाटी कर देंगे,
एक रोज भू बंजर को।।
हार कभी मत मानो अपनी,
जब तक तन में हैं साँसें।
तोड़ो हर प्राचीर राह की,
क्यों मन को रखते फाँसे।।
क्यों उदास करते हो उर को,
खुशियों से भर दो घर को ।
फूलों की घाटी कर देंगे,
एक रोज भू बंजर को।।
खोंजे हर क्षण मन कस्तूरी,
भटक रहा है यह वन-वन।
मन पर अंकुश कब रहता है,
होती यहाँ सदा अनबन।।
छोटे बनकर मीठा रहना,
सिखाला दो तुम सागर को
फूलों की घाटी कर देंगे,
एक रोज भू बंजर को।।

# प्रसिद्धि:अपनी पहचान को तलाशते सभी

प्रसिद्धि की चाह रखना एक स्वाभाविक इच्छा होती है अगर किसी भी इंसान को अपनी प्रसिद्धि और कामयाबी चाहिए तो उसे जी तोड़ मेहनत करनी होती है। जब बच्चे छोटे होते हैं तो वह अपनी पहचान बनाने के लिए पढ़ते लिखते हैं और बड़े होते होते तक वह इस बात को समझने लगते हैं कि जैसे हमारे माता-पिता ने अपनी पहचान बनाने के लिए हर क्षेत्र में कार्य किया है उसी तरह हम भी अपनी पहचान अपने माता-पिता की तरह बनाएं। यदि किसी बच्चे के अभिभावक प्रसिद्ध हो और बच्चों को उनके माता-पिता के नाम से भी जाना जाता हो तो बच्चों के मन में यह आने लगता है कि हम हमारी भी एक पहचान होनी चाहिए माता-पिता की ख्याति देखकर बच्चे सोचते हैं कि जैसे हमारी माता पिता ही संघर्ष किया है अपनी पहचान बनाने के लिए उसी तरह हम भी अपनी पहचान एक समाज में बनाएं। यदि उन्हें माता-पिता की ख्याति के अनुसार चलना पड़ता है तो एक उम्र आने के बाद वह उनकी पहचान से बाहर निकलकर अपनी पहचान बनाने के लिए जद्दोजहद करते है। एक महिला को अपनी पहचान ससुराल में बनाने के लिए सबके दिल को जीतना पड़ता है उसी प्रकार एक पुरुष को भी सब के दिलों में राज करने के लिए अपने परिवार के सभी सदस्यों की इच्छाएं पूरी करता है। लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए क्या-क्या प्रयत्न करने पड़ते हैं यह एक इंसान से ज्यादा कोई नहीं जान सकता। बच्चे अपनी स्वतंत्रता से अपनी पहचान बनाने निकल जाते हैं कोई पढ़ाई करके अपनी पहचान बनाना चाहते हैं तो कोई गाना गाकर शोहरत हासिल करना चाहते हैं। एक कुशल गृहणी स्वादिष्ट भोजन बनाकर और परिवार की जिम्मेदारियों को सम्भाल कर अपने पति और परिवार के दिल की रानी बन जाती है अभिनेताओं के बेटे या बेटियां फिल्मी कैरियर में अपनी पहचान बनाना चाहते हैं। इसी प्रकार सभी एक दूसरे से ऊपर उठना चाहते हैं और अपनी पहचान के लिए तलाश में चल पड़ते हैं जहां उन्हें उनकी राह ले जाती है। अनुशासित ढंग से अपने बड़े लोगों के पांव छूकर उनसे आशीर्वाद लेकर कार्यों में जो सफलता हासिल होती है इसका एक अलग ही अनुभव होता है। आप इंजीनियर बनो या डॉक्टर बनो या राजनीति में आओ जीवन में जो भी करना है उसके बारे में निर्णय लेने का पूरा अधिकार आप सभी को है लोग आपके सराहना करें इसके लिए आपको हर कार्य क्षेत्र में ईमानदारी रखनी होगी आपकी वजह से ही आपके माता-पिता का नाम खराब ना हो इस पर ध्यान देते हुए तब खुद की पहचान बनाये। आपके अंदर जितने भी हुनर है उस हुनर का प्रयोग करके खुद को मजबूत बनाने का प्रयास करें बचपन में छोटी-छोटी गलतियों के लिए माता-पिता से लगाई हुई डांट-फटकार बच्चों के जीवन पर विशेष प्रभाव डालती है और यही डांट आगे चलकर उन्हें अपनी कठिनाइयों और परेशानियों से लड़ने में मदद देती है। कई बार सफलता हासिल ना होने की वजह से अंदर से हीनता की भावना आने लगती है तो इस हीन भावना को त्याग करते हुए अपने मन में यह जरूर सोचे कि आप जैसे भी हैं उसी रूप में अपनी पहचान बनाये। यदि माता-पिता या समाज का कोई अन्य वर्ग आपकी आलोचना कर रहा है तो इस आलोचना को अपना हथियार बनाए और अपने अंदर की इच्छा शक्ति को जागृत करके खुद को प्रोत्साहित करें यदि आप से कोई गलती हो रही है तो उसे सुधारते हुए आगे अपने कार्य को करते रहना चाहिए आप जिस दुनियाँ के कोने में है वहाँ अपनी पहचान तो अपने आप बन जाती है और यदि लोगों ने आपके काम को पसंद किया तो आप निराश नहीं होंगे और आपकी आगे बढ़ने की कोशिश हमेशा जारी रहेगी। आप अपना आदर्श उन सभी लोगों को माने जिन्होंने आप को मानसिक प्रोत्साहन दिया है जब आपके सामने किसी प्रकार की चुनौतियां खड़ी हो जाती हैं तो संतुलन बनाए रखिए यदि परिवार का कोई सदस्य आपके हर कार्य की सराहना करते हैं तो आपके अंदर से आगे बढ़ने की खुशी दिखाई देती है यदि कोई कार्य आपसे बार-बार बिगड़ रहा है तो इससे आप हताश बिल्कुल भी नहीं होना बल्कि बार-बार मेहनत करके कटु अनुभव को प्राप्त करना और आप को लोगों की पहचान भी होगी। दुनियाँ में अच्छे बुरे सभी प्रकार के लोग आपको मिलेंगे और आपको उनके द्वारा शिक्षा भी मिलेगी आप अपने बलबूते पर अपना आदर्श स्वयं बने और अपने माता-पिता के दिए संस्कार का सम्मान करते हुए हर प्राणी अपना व्यक्तित्व निखार सकता है।



**पूजा गुप्ता**
**मिर्जापुर**
उत्तर प्रदेश

# पृथ्वी,जल,वायु और वनों के सरंक्षण में लापरवाही भविष्य के लिए विनाशकारी

वर्तमान में पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता तेजी से महसूस की जाती रही है। इसका और कोई कारण ना होकर मानव की अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलतः वन का विनिष्टिकरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कंक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़,अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है. तथा जीवन के अनुरूप वायुमंडल में वातावरण जीवन उपयोगी तथा जीवन के अनुकूल बना रहता है। किंतु ग्रीन हाउस इफेक्ट में बदलाव आने के साथ ही मनुष्य के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या सामने आई है। इस तरह के परिवर्तन से ही पृथ्वी की परत को हमें बचाना होगा जिससे हम अति उष्णता, गर्म जलवायु और कम उत्पादन की विभीषिका से मानव को बचा सकते हैं।

विश्व में विकासशील देश दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, पहली भुखमरी यानी कि गरीबी दूसरी जलवायु में तीव्र परिवर्तन और यह दोनों एक दूसरे से गहरे संबंधित हैं। विकासशील तथा गरीब राष्ट्र एक और गरीबी तथा भुखमरी से लड़ाई लड़ रहे हैं एवं गरीबी से छुटकारा पाकर गरिमामय जीवन जीना चाहते हैं ।इसके लिए वे अपने प्राकृतिक, वैज्ञानिक संसाधनों का दोहन करके विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं जिससे इनके सम्मुख कई चुनौतियां उत्पन्न हो जाती है। इनके पास पर्याप्त रूप से आर्थिक वित्तीय पूंजी की कमी साथ ही उन्नत तकनीक का अभाव भी है। ऐसे में यह विकासशील राष्ट्र के विकास हेतु परंपरागत विकास साधनों पर आश्रित हो जाते हैं, जैसे विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग करना, वाहनों में प्रयुक्त ईंधन की गुणवत्ता का निम्न होना, कारखानों की पुरानी मशीनों द्वारा कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन आदि तत्वों की बड़ी मात्रा में वायु को उत्सर्जित करना आदि आते हैं। इन सब के कारण ग्रीन हाउस गैसें निर्मित होने से ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन घटनाओं को तीव्रता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापक्रम जैसे कारकों में बहुत तेजी से परिवर्तन होता आया है। इसके पश्चात वर्षा की अनिश्चितता तथा अनियमितता में वृद्धि हुई है साथ ही बाढ़ सूखा अकाल सुनामी हिमस्खलन भूस्खलन जैसी प्राकृत आपदाओं का कई देश हर वर्ष सामना करते आ रहे हैं। उनके सम्मुख बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न होती आई है, और यही प्राकृतिक आपदाएं उन देशों को फिर से गरीबी के दलदल में ढकेल देती है जहां भुखमरी का बोलबाला होता है। विश्व में कुछ देश ऐसे हैं जिनमें जिंबाब्वे, सीरिया,लीबिया, सोमालिया तथा अधिकांश अफ्रीकी देश, दक्षिण एशियाई लैटिन अमेरिकी देशों में भोजन,रोटी के लिए लंबी-लंबी लाइन लगती देखी गई है। दूसरी तरफ विकसित और अमीर देशों में भी लाइन लगती है, लेकिन वहां पर विडंबना यह है कि यह लाइन रोटी के लिए नहीं बल्कि आईफोन, स्मार्टफोनऔर गैजट्स के लिए लगाई जाती है।



अनेक गरीब देशों में सबसे बड़ा संकट विकास बनाम पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को लेकर सामने आया है। जहां यह देश विकास की इच्छा तो रखते हैं पर दूसरी और विकसित देश गरीब देशों को पर्यावरण संरक्षण की सीख दे कर इनके संसाधनों पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं। जिससे इनके अस्तित्व तथा संप्रभुता पर गहरी चोट लगती है। यह एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आता है। विकासशील देशों को पर्यावरण संरक्षण जैसी बातें गरीबी के सामने एक चुनौती के रूप में दिखाई देती है। यदि ये देश भुखमरी, गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी जैसे समस्याएं को सुलझाना चाहते हैं तो दूसरी तरफ पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलन बिठाना कठिन हो जाता है। आज विकसित देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अन्य अमीर यूरोपीय देश पर्यावरण संतुलन की बात तो करते हैं पर जहां तकनीकी मदद या संरक्षण की बात को तो यह अपना हाथ पीछे खींचने में भी नहीं चुकते हैं। गरीब तथा विकासशील देश जब भी विकास को प्राथमिकता देने का प्रयास करते हैं तो इसके परिणाम स्वरूप पर्यावरण को क्षति होना लाजमी होता है। इसके अलावा इन्हें वैश्विक महाशक्तियों के दबाव भी झेलने पड़ते हैं। गरीब देशों के उत्पादों को खरीदने में बड़े बाजार या यूं कहें कि विकसित राष्ट्र गुणवत्ता की कमी,तकनीकी कमी कहकर तिरस्कृत तथा वापस करने से नहीं चूकते हैं। इस मामले में विकसित राष्ट्र का विकासशील,गरीब राष्ट्र के बीच एक गहरी खाई बन चुकी है और संयुक्त राष्ट्र संघ मूकदर्शक बना इस मामले में हाथ में हाथ धरे बैठा रहता है। बड़ी जनसंख्या वाले देश जैसे भारत इंडोनेशिया एवं एशिया के अन्य देश विकसित राष्ट्रों के लिए एक बड़ा बाजार जरूर है, पर वहां पर भूखमरी और जलवायु परिवर्तन के मामले में ये सभी बड़े तथा विकसित राष्ट्र खामोश रहते हैं। विकासशील तथा निर्धन देशों में गरीबी, भुखमरी तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण गृह संघर्ष, जातीय संघर्ष,मानव अधिकार उल्लंघन, शरणार्थी समस्या, उग्रवाद, आतंकवाद आदि गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं और और इनकी स्थितरता में बड़ी कमी आई है। पिछले विगत कुछ समय एक घटनाक्रमों से शरणार्थी संकट ग्रह संघर्ष के विस्थापन अकाल बाढ़ तथा आतंकवाद मैं चिंताजनक वृद्धि हुई है, और यह सब पूरे विश्व के लिए चुनौती बन गया है। यह अलग बात है कि विकासशील राष्ट्रों की कमजोर क्षमता के कारण यह चुनौती उन देशों को बड़ी विकराल लगती है क्योंकि इससे पूंजीगत संसाधनों में बड़ी क्षति होती है जिस का संतुलन करना वहां की सरकारों पर बहुत भारी पड़ जाता है। गरीबी रेखा के नीचे लोग ज्यादा जीवन यापन करने लगते हैं। वैश्विक स्थिति का अध्ययन करें तो गरीबी भूखमरी जलवायु परिवर्तन से लड़ना किसी एक देश के लिए संभव प्रतीत नहीं होता, क्योंकि यह वैश्विक समस्या है। इसे सम्मिलित रूप से ही प्रयास कर समाप्त किया जा सकता है। यह तो तय है कि विकासशील राष्ट्रों को उन्नत बनाने तथा विकसित करने में बड़े तथा सक्षम राष्ट्रों को इन छोटे तथा गरीब देशों की तकनीकी विज्ञान और पूंजीगत सहायता प्रदान करनी चाहिए। अपने महंगी खर्चीली परमाणु तथा अणु बम तथा मिसाइल बनाने की योजनाओं को एक तरफ रख विकासशील राष्ट्रों की खुलकर मदद करनी चाहिए। ऐसी परिस्थितियों में ही वैश्विक भुखमरी गरीबी एवं जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटा जा सकता है। भारतीय संदर्भ में यह जरूर कहा जा सकता है कि विगत 10 वर्षों में जलवायु परिवर्तन तथा गरीबी उन्मूलन पर बहुत ज्यादा प्रयास कर नई नई योजनाएं बनाई गई हैं। जैसे राष्ट्रीय हरित मिशन, राष्ट्रीय सतत पर्यावास मिशन, राष्ट्रीय ऊर्जा संवर्धन मिशन पर बहुत सारी योजनाये बनाकर कार्य किया गया है। भारत देश अपनी योजनाओं में छोटे विकासशील राष्ट्रों को भी शामिल किया है और उनकी खुलकर मदद कर रहा है, यह विकसित राष्ट्रों के लिए एक उदाहरण भी है कि उन्हें छोटे तथा गरीब राष्ट्रों को खुलकर मदद करनी चाहिए।



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर
छत्तीसगढ़

## योजनाओं का लाभ लिए दिए पर मिलता है भाई



**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

सुशासन समागम में सीएम ने यह बात
बिना हिचक के उठाई
हकीकत धरातल पर आई
योजनाओं का लाभ दिएदिए पर मिलता है भाई
सीएम ने ब्यूरोक्रेसी को फिर आईनासूरत दिखाई
अफसरों ने मुझे अच्छी पिक्चर दिखाई
असलियत में वैसा नहीं है भाई
योजनाओं का लाभ लिएदिए पर मिलता है भाई
मोटिवेशनल स्पीकर की तरह बोले
एक्शन ऑन द स्पॉट करता हूं भाई
झूठे पिक्चर मत दिखाओ भाई
योजनाओं का लाभ लिएदिए पर मिलता है भाई
जनता जागृत है इलेक्शन आग्रत है
छवि ईमानदार बनाना है भाई
नहीं खाने दूंगा हरे गुलाबी की मलाई
योजनाओं का लाभ लिएदिए पर मिलता है भाई
अफसरों से पूछताछ करते रहता हूं भाई
संतोष नहीं हुआ तो करता हूं कार्यवाही
कर दो अब भ्रष्टाचार को सखूत मनाई
योजनाओं का लाभ दिएदिए पर मिलता है भाई

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# बाक्साइट खदान में आगजनी की घटना को अंजाम देने वाला नक्सली 5 साल बाद गिरफ्तार

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा से लगे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में छत्तीसगढ़ व झारखंड के सुरक्षा बलों को लगाया गया है। इसी का परिणाम है कि धीरे-धीरे क्षेत्र से नक्सलियों का सफाया होता जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग जिला बलरामपुर-रामानुजगंज व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन प्रशांत कतलम को जानकरी मिली की वर्ष 2017 में सामरीपाठ क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा बाक्साइट खदान में लगी पोकलेन मशीन को आग के हवाले करने वाला नक्सलियों का एक सदस्य रामचन्द्र उर्फ रमेश यादव जशपुर मिले में अपने ससुराल में छिपा है। एसपी के निर्देश पर टीम गठित कर पुलिस जशपुर रवाना हुई। पुलिस ने जशपुर जिले के सन्ना से नक्सली रामचंद्र यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार नक्सली रामचंद्र यादव ने पुलिस को बताया कि घटना के दौरान शंकर यादव, गुड्डू यादव व जगदीश यादव शामिल थे। उसके निशानदेही पर पुलिस ने अन्य नक्सलियों के घर में दबिश दी। जहां जगदीश यादव को झारखंड के महुआडांड़ से गिरफ्तार किया गया। बलरामपुर पुलिस ने इन दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस ने रामचंद्र यादव के कब्जे से 12 बोर का बंदूक बरामद की है, जिसे उसने आंगन में गाड़ कर रखी थी। वहीं जगदीश के कब्जे से तलवार बरामद हुआ है। गिरफ्तार नक्सली रामचंद्र यादव ने पुलिस को बताया कि वह वर्ष 2013 में माओवादी संगठन टीपीसी में शामिल हुआ था। इसके बाद से वह झारखंड, छत्तसीगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कई घटना को अंजाम दे चुका है। इसके खिलाफ झारखंड सरकार द्वारा 1 लाख रुपए का इनाम रखा गया था। गिरफ्तार नक्सली रामचन्द्र यादव वर्ष 2017 में महुआडांड़ में वसूली को लेकर आगजनी एवं मारपीट किया था, वर्ष 2019 में महुआडांड़ के आगजनी एवं मारपीट के मामले में जेल गया था। जहां से वर्ष 2020 में जमानत पर रिहा हुआ था एवं फिर से टीपीसी के नक्सली गतिविधियों में सक्रियता था। उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना सामरीपाठ में वर्ष 2017 में अजित कुमार सिंह बीकेसी बाक्साइट खदान मैनेजरद्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। बाक्साइट उत्खनन में लगी पोकलेन मशीन को आग के हवाले कर दी गई थी। कार्रवाई में मुख्य रूप से उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन डीके सिंह, निरीक्षक फरदीनन्द कुजूर, सहायक उप निरीक्षक आनंद मसीह तिर्की, प्रआर राजेन्द्र ध्रुव, जेम्स लकड़ा, आरक्षक विजय टोपी, जीवन किशोर तिग्गा, बुद्धिमान सिंह, दीपक कुमार बघेल, आभाष मिंग, नितिन खाखा व अमर शामिल रहे।




# विद्युतीकरण के नाम पर करोड़ों रुपए फर्जीवाड़ा के मामले में दोषियों पर अपराध दर्ज

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत राजीव गांधी शिक्षा मिशन के तहत वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला भवनों में विद्युतीकरण के कार्यों में फर्जी बिल वाउचर लगाकर करोड़ें रुपए की शासकीय राशि का गबन किए जाने के मामले में न्यायालय के निर्देश पर 5 के खिलाफ कोतवाली में धारा 409, 420 व 120 बी के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। इस मामले में अधिवक्ता व आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी द्वारा 3 नवंबर को न्यायालय में परिवाद दायर किया गया था। परिवाद के बाद न्यायालय द्वारा संबंधित दोषियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे।



मामला सरगुजा जिले के सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत राजीव गांधी शिक्षा मिशन के तहत वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला भवनों में विद्युतीकरण के नाम पर फर्जी बिल लगाकर 3,1,50,000 रुपए का गबन कर लिया गया था। इस मामले में अधिवक्ता व आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी द्वारा 3 नवंबर को न्यायालय में परिवाद दायर किया गया था। परिवाद के बाद न्यायालय द्वारा संबंधित दोषियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे। न्यायालय के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा एचएल शर्मा कार्यपालन अभियंता, रीता सेन सब इंजीनियर, रूपाली सिन्हा सब इंजीनियर, सीमा साहू सब इंजीनियर तथा ठेकेदार गणपति कंट्रकशन, और निशिकांत त्रिपाठी के विरुद्ध धारा 409, 420 व 120 बी के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है।

# टोनही की शंका पर युवक ने सो रही महिला पर टांगी से हमला कर की थी हत्या

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम चिरंगा खालपारा में सोमवार की रात एक व्यक्ति ने पड़ोस के ही एक वृद्धा की टांगी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मृतका द्वारा जादू टोना करने की आशंका पर आरोपी ने हत्या करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामसाय पैंकरा बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम चिरंगा खालपारा का रहने वाला था। सोमवार की रात रामसाय व उसकी पत्नी रजमनिया घर के परछी में अलग-अलग सोए थे। मंगलवार की सुबह लड़का राजकुमार मां को उठाने गया तो वह उठ नहीं रही थी। इसकी जानकारी वह अपने पिता को दी। रामसाय ने जाकर देखा तो उसकी 65 वर्षीय पत्नी रजमनिया मृत अवस्था में थी ओर कनपटी व चेहरे में जख्म के निशान थे। अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी गई थी। रामसाय ने मामले की जानकारी बतौली थाने को दी। सूचना पर बतौली थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धरा 302 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला की कुछ दिन पूर्व मृतका के ऊपर टोनही होने का शंका पर गांव के ही सीमन राम उर्फ सीमा ने विवाद किया था। पुलिस ने संदेह के आधार पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह गोल मोल जवाब देता रहा। पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की तो वह घटना कारित करना स्वीकार किया। वह पुलिस को बताया कि टोनही की शंका पर टांकी व लकड़ी से वाहर कर उसकी हत्या कर देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी व लकड़ी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी ग्राम चिरंगा निवासी सीमन राम उर्फ सीमा को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# 85 नग नशीले इंजेक्शन के साथ तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 85 नग नशीले इंजेक्शन के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।




कोतवाली पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की शहर के मैरिन ड्राइव चौपाटी के पास 1 व्यक्ति नशीले इंजेक्शन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी रूपेश नारंग टीम के साथ मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर संदेही को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके कब्जे से कुल 65 नक नशीले इंजेक्शन पाया गया। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए बताई जा रही है। जिसे जब्त कर पुलिस ने आरोपी शहर के प्रतापपुर नाका स्थित केदारपुर निवासी अमरजीत पुरी को गिरफ्तार किया किया है। वहीं एक अन्य मामले में मौलवी बांध के पास से 2 संदेहियों को पकड़कर पुलिस ने तलाशी ली तो उसके कब्जे से कुल 25 नग नशीले इंजेक्शन जब्त किया गया। जिसकी कीमत 6 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी राजा झरिया और राजू यादव निवासी मिशन चौक अम्बिकापुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दी है। संपूर्ण कार्रवाई में चौकी प्रभारी मणिपुर उप निरीक्षक सरफराज फिरदौसी, बस स्टैंड पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक विजय रवि, आरक्षक जयदीप सिंह, रुपेश महंत, सत्येंद्र दुबे, बृजेश राय, विकास सिंह, कुंदन सिंह शिव राजवाड़े, शाहबाज खान,विमल सिंह, इम्तियाज अली, चंचलेश सोनवानी, धीरज सिंह व इदरीश खान शामिल रहे।

### विधानसभा सत्र में प्रश्नों के उत्तर समय सीमा में शासन को भेजे जाने हेतु अपर कलेक्टर भगवान सिंह उइके नोडल अधिकारी नियुक्त

कोरिया , 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ विधानसभा की पंचम विधानसभा का पंद्रहवां सत्र 02 जनवरी से 06 जनवरी 2023 तक संचालित होना है। जिसके फलस्वरूप विधानसभा प्रश्न, ध्यानाकर्षण सूचनाएं एवं प्रस्ताव सूचनाओं को जानकारी प्राप्त करने तथा संबंधित कर्मचारियों द्वारा तत्काल कार्यवाही पूर्ण कर समय-सीमा के अंदर विधानसभा प्रश्नों का उत्तर राज्य शासन को भेजे जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा अपर कलेक्टर श्री भगवान सिंह उइके को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनका मोबाइल नम्बर 9424272310 तथा कार्यालय का फोन नम्बर 07836-232721 एवं फैक्स नम्बर 07836-232722 है।

# पहाड़ी कोरवा बस्ती में सामाजिक कार्यकर्ताओं की टीम ने बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली गई

– संवाददाता –
सीतापुर, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुपलगा के मोहल्ला ढोल पखना में विगत डेढ़ सौ सालों से निवासरत पहाड़ी कोरवा बस्ती में सामाजिक कार्यकर्ताओं की टीम ने वहां जाकर बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली गई। तत्पश्चात पता चला कि वहां निवासरत पहाड़ी कोरवाओं को राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।



जल ही जीवन है ऐसा हमने पढ़ा और सुना है परंतु मैनपाट से लगे सुपलगा क्षेत्र के ढोल पखना में यह सिर्फ कहने और सुनने की बातें राह गई है, यहां के ग्रामीण नदी नाले का पानी पीने को मजबूर हैं जबकि शहर में आज 24 घंटे पानी के लिए कई सारी योजनाएं चल रही है लेकिन, सुविधा के अभाव झेल रहा यहां के ग्रामीण वासी एक तरह से जहर पीने को मजबूर है। यहाँ बुजुर्गों को वृद्धा पेंशन योजना का कोई लाभ नहीं मिल रहा है जबकि कागज़ों में सरकार इस बात का खूब ढोल पीटती है कि वृद्धा पेंशन योजना से कई सारे वृद्धों को लाभ मिल रहा है।तमाम मुद्दों की जानकारी लेने के बाद सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ग्राम के लोगों के साथ वहीं पर बैठकर 1 घंटे तक धरना प्रदर्शन किया गया।और सरकार से मांग किया है की पहाड़ी कोरवाओं को उनका हक और अधिकार कब मिलेगा। इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता अंकुर सिंहा, अजीज टोप्पो, ज्योति चौरसिया, सुरेश राम बुनकर, सर्वेश्वरी बागे, शशिकला, अनिता पैंकरा अन्य शामिल रहे।

# बिना सूचना के गायब थे प्रभारी प्राचार्य,डीईओ ने रोका वेतन

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे द्वारा विकासखण्ड लखनपुर तथा मैनपाट के हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। हाई स्कूल डाडकेसरा विकासखण्ड लखनपुर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दर्ज संख्या 31 के अनुपात में केवल 17 विद्यार्थी शाला में उपस्थित थे। बच्चों की कम उपस्थिति पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अत्यधिक रोष व्यक्त किया गया। प्रभारी प्राचार्य सर्वेश यादव 12 दिसंबर से बिना किसी सूचना के संस्था से अनुपस्थित पाये गए। कक्षा 9वीं एवं 10वीं के बच्चों का शैक्षणिक स्तर अत्यंत निम्न स्तर का पाया गया। तथा प्राचार्य द्वारा दैनन्दिनी का अवलोकन किया जाना भी नहीं पाया गया। अतिथि शिक्षक दिनेश देवांगन द्वारा प्राचार्य के निर्देशन पर गूगल लिंक में फर्जी उपस्थिति भेजी जा रही थी। शाला में व्याप्त अनियमितता एवं अनुशासनहीनता के कारण प्रभारी प्राचार्य सर्वेश यादव व्याख्याता एलबी का माह दिसंबर का वेतन अवरुद्ध करते हुए जांचोपरांत कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं अतिथि शिक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसके बाद डीईओ ने शास हाई स्कूल सरभंजा विकासखण्ड-मैनपाट के निरीक्षण में बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक पाया गया। सभी शिक्षक उपस्थित थे तथा अपने नियत कक्षाओं में अध्यापन करते हुए पाए गए। अर्द्धवार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित हो रहा था। शिक्षक दैनन्दिनी का नियमित लेखन एवं अवलोकन किया जाना पाया गया। विद्यार्थियों की दक्षता बढ़ाने, नियमित प्रायोगिक, प्रायोजना गृह कार्य एवं अतिरिक्त अध्यापन कराने के निर्देश दिया गया। वहीं उमावि कमलेश्वरपुर विकासखण्ड मैनपाट के निरीक्षण के दौरान दर्ज संख्या 284 में से केवल 141 विद्यार्थी उपस्थित मिले। निराशाजनक उपस्थिति पर घोर नाराजगी व्यक्त किया गया। बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु निर्देश दिया गया। सभी शिक्षक उपस्थित थे तथा अपने नियत कक्षाओं में अध्यापन करते हुए पाए गए। शिक्षकों को तैयारी के साथ अध्यापन कार्य कराने का निर्देश दिया गया। शेष सभी व्यवस्था सामान्य पाया गया।




# नाबालिग बालिका को भगाकर बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगाकर ले जाने के मामले में बतौली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता से शादी करने का झांसा देकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म भी किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना क्षेत्र निवासी एक नबालिग लड़की 5 दिसंबर को लापाता हो गई थी। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। विवेचना अपहृता बालिका व अज्ञात आरोपी का पतासाजी किया गया जो विवेचना के दौरान साथ में काम करने वाला लडका सहेश चौहान निवासी ग्राम काटाद्वार जिला कोरबा द्वारा नाबालिग को अपने साथ बहला फुसला कर भगा कर ले जाने की जानकारी पुलिस टीम को प्राप्त हुई, जो तत्काल मामले मे पुलिस टीम द्वारा ग्राम काटाद्वार जिला कोरबा से नाबालिग बालिका को आरोपी सहेश चौहान के कब्जे से बरामद किया गया एवं आरोपी सुकेश द्वारा शादी करने का झांसा देकर नाबालिग पीड़िता के साथ लगातार अनाचार की घटना कारित करना पिड़िता द्वारा अपने कथन मे बताया गया हैं, जो प्रकरण में धारा 366 क, 376(2) ढ , पॉक्सो एक्ट की धारा-5(ठ), 6 जोड़ी गई है, मामले के आरोपी सहेश चौहान निवासी काटाद्वार जिला कोरबा के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से तत्काल गिर कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जाता हैं।संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बतौली उनि प्रमोद कुमार पाण्डेय, सउनि नोहर साय मिंज, प्रधान आरक्षक, रविशंकर, आरक्षक महेन्द्र नाग, पुरेन्दर सिंह शामिल रहे।



# राजस्व भूमि को गुपचुप तरीके से नजूल भूमि घोषित कर अतिक्रमणकारियों को पट्टा देने की कार्यवाही अवैधानिक !

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

महामाया पहाड़ पर हो रहे अतिक्रमण पर जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा अतिक्रमणकारियों को संरक्षण दिए जाने के विरुद्ध में बुधवार को महामाया पहाड़ श्रृंखला बचाओ संघर्ष समिति द्वारा गांधी चौक के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इससे पूर्व भी संघर्ष समिति द्वारा भिन्न-भिन्न समय पर आंदोलन व ज्ञापन देकर शासन-प्रशासन को सतर्क करने का प्रयास किया है। संघर्ष समिति के कार्यकर्ता निलेश सिंह ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि अतिक्रमणकारियों द्वारा पहाड़ पर निरंतर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिस पर शासन द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई करने की बजाय उनको संरक्षण प्रदान करने का कार्य हो रहा है। राजस्व भूमि को गुपचुप तरीके से नजूल भूमि घोषित कर विद्यमान प्रावधानों का अवैधानिक लाभ देते हुए अतिक्रमणकारियों को पट्टा देने की कार्रवाई की जा रही है। त्रिलोक कपूर कुशवाहा ने कहा कि शासन प्रशासन अपने प्रिय प्रतिनिधियों को खुश करने के चक्कर में लगे हुए हैं। उनकी खुशी के लिए मां महामाया के दामन को तार-तार किया जा रहा है। धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने के साथ-साथ पर्यावरण से भी मजाक हो रहा है। मां महामाया पहाड़ अंबिकापुर के पर्यावरण की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ ऐतिहासिक धरोहर भी है समय रहते यदि नागरिक नहीं जागे तो आने वाली पीढियां हमको माफ नहीं करेगी वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश तिवारी ने कहा कि महामाया पहाड़ के संरक्षण समर्थन के लिए बड़ी लड़ाई की आवश्यकता है संघर्ष समिति के आंदोलन को जन आंदोलन का स्वरूप देना होगा नगर के एक-एक नागरिक को मां महामाया के इस पावन पहाड़ को बचाने के लिए अपने समय में से कुछ समय की कुर्बानी देनी होगी अन्यथा यह अमूल्य धरोहर मात्र इतिहास का एक हिस्सा बन कर रह जाएगी इसके अतिरिक्त इस धरने को बंशीधर उरांव दिलीप सिंह धनंजय मिश्रा अनिल तिवारी आकाश गुप्ता शैलेश सिंह निश्चल प्रताप सिंह गौतम विश्वकर्मा रिंकू वर्मा मनोज कंसारी किशोर बघेल ने भी संबोधित किया ! धरने का संचालन विनोद हर्ष ने किया ! धरने में प्रमुख रूप से सर्व श्री राज बहादुर सिंह विद्यानंद मिश्रा संजय अग्रवाल जन्मेजय मिश्रा बेबी शर्मा अनुज तिवारी राजेश सिंह मधुसूदन शुक्ला अजय मिश्रा नरेंद्र सिन्हा विनोद सिंह सतीश मिश्रा नकुल सोनकर दिनेश शुक्ला मुकेश अग्रवाल रूपेश दुबे दिवस दुबे रंजीत दुबे धर्मेंद्र जायसवाल सुनील बघेल नीरज वर्मा उपेंद्र गुप्ता अभिषेक सिंह मनीष सिंह गणेश कश्यप जतिन परमार छोटे माथुर अभिमन्यु श्रीवास्तव मार्कंडेय तिवारी संजीव वर्मा प्रिंस तिवारी दिवस नामदेव शहीद अनेक नागरिक बंधु उपस्थित रहे।



# नेपाल की 275 सदस्यीय संसद में केवल 91 महिलाएं,20 नवंबर को हुए थे आम चुनाव

**काठमांडू , 14 दिसम्बर 2022।** नेपाल के चुनाव आयोग ने बुधवार को जानकारी दी कि 275 सदस्यीय नेपाली संसद में सिर्फ 91 महिला ही सांसद हैं और यह संख्या संविधान द्वारा महिलाओं के लिए अनिवार्य 33 फीसदी आरक्षण से भी कम है। नेपाल में 20 नवंबर को आम चुनाव हुए थे, लेकिन अभी तक कोई सरकार बनाने का दावा पेश नहीं पाया है।

**महिला उम्मीदवारों ने विधानसभाओं में अच्छा प्रदर्शन किया**

नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाली पांच-पार्टी गठबंधन एचओआर में 136 सीटें हासिल करने के बाद साधारण बहुमत से दो सीट दूर है। चुनाव आयोग ने कहा कि एचओआर में 275 नव निर्वाचित सदस्यों में से 184 पुरुष और 91 महिलाएं हैं हालाँकि, नेपाल के संविधान में संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण अनिवार्य है। वहीं महिला उम्मीदवारों ने प्रांतीय विधानसभाओं में थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया।



**जल्द चुनाव नतीजे राष्ट्रपति को सौंपेगा** आयोग


चुनाव आयोग अंतिम नतीजे नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या भंडारी को सौंपेगा। चुनाव आयोग द्वारा आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत सभी राजनीतिक दलों को सीटें आवंटित करने के बाद नेपाली कांग्रेस 89 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। सत्तारूढ़ गठबंधन के अन्य सहयोगियों ने मिलकर 47 सीटें हासिल की हैं - सीपीएन-माओवादी सेंटर (32), सीपीएन-यूनीफाइड सोशलिस्ट (10), लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (4) और राष्ट्रीय जनमोर्चा एक सीट।

**नेपाली कांग्रेस सबसे बड़ा दल**

चुनाव परिणामों के अनुसार, नेपाली कांग्रेस ने सात प्रांतीय विधानसभाओं में 176 सीटें जीती हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल 161 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है। दोनों दल निचले सदन में पहले और दूसरे सबसे बड़े दल के रूप में भी उभरे हैं। नेपालियों ने 20 नवंबर को प्रतिनिधि सभा के लिए 275 प्रतिनिधियों और सात प्रांतीय विधानसभाओं के लिए 550 सदस्यों का चयन करने के लिए मतदान किया।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सड़क किनारे बम धमाका, एक की मौत, चार घायल

**इस्लामाबाद, 14 दिसम्बर 2022।** अफगानिस्तान की सीमा से सटे पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक बम धमाका हुआ है। इसमें एक व्यक्ति मारा गया, जबकि चार अन्य घायल हुए हैं। एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने यह जानकारी दी।



विस्फोट उत्तरी वजीरिस्तान के मिरानशाह कस्बे के दत्ता खेल रोड पर हुआ। मिरानशाह जिला मुख्यालय अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर वली जमान ने एक प्रमुख पाकिस्तानी अखबार को बताया कि एक व्यक्ति की मौत हो गई है और चार घायल हो गए हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारी ने कहा कि चार घायलों और एक शव को अस्पताल लाया गया है। डॉक्टर वली जमान ने कहा कि घायलों को चिकित्सा सहायता मुहैया कराई जा रही है।

अभी तक किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, यह दूरस्थ सीमा क्षेत्र तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का पहले गढ़ रहा है। तालिबान के पड़ोसी अफगानिस्तान पर कब्जे के साथ ही बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वाह प्रांतों में आतंकी घटनाएं बढ़ गई हैं।

## वित्तीय बाजारों में चर्चा,चीन ने अब छेड़ दी है डॉलर के खिलाफ खुली जंग?

**हांग कांग , 14 दिसम्बर 2022।** क्या अरब देश अपने कच्चे तेल के बदले चीन से उसकी मुद्रा युवान में भुगतान स्वीकार करने को तैयार होंगे? पिछले हफ्ते चीन और अरब देशों के बीच हुए शिखर सम्मेलन के बाद से वित्तीय बाजारों में ये सवाल छाया हुआ है। वित्तीय बाजारों में आम चर्चा है कि अगर अरब देश इस पर राजी हो गए, तो उसका विश्व अर्थव्यवस्था पर दूरगामी असर होगा। अभी दुनिया में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के व्यापार की मुख्य मुद्रा अमेरिकी डॉलर है।



बीते शुक्रवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अरब नेताओं के साथ अपनी बैठक के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ऊर्जा कारोबार में युवान के इस्तेमाल का प्रस्ताव रखा। तुरंत उसका संदेश दुनिया भर में ग्रहण किया गया। चीन लंबे समय से विश्व व्यापार पर डॉलर के वर्चस्व को तोड़ने की तैयारी में जुटा रहा है। विश्लेषकों के मुताबिक अब ऐसा लगता है कि चीन ने खुल कर डॉलर के वर्चस्व को चुनौती देने का इरादा कर लिया है।

अरब सम्मेलन में शी जिनपिंग ने कहा कि चीन खाड़ी देशों से बड़ी मात्रा में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयात करता रहेगा।

## इमरान मेगा रैली में करेंगे प्र्रांतीय विधानसभाओं को भंग करने की घोषणा,राष्ट्रपति से मिल सकते हैं

**इस्लामाबाद , 14 दिसम्बर 2022।** इन दिनों पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान शहबाज सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। अब खबरें सामने आई हैं कि इमरान खान जल्द ही पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के बुधवार को मुलाकात कर सकते हैं। वहीं तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान सरकार को घेरने के लिए अपनी नई योजना पर विचार कर रहे हैं, वह शनिवार को एक बड़ी सार्वजनिक सभा में दो प्रांतीय विधानसभाओं को भंग करने की अपनी घोषणा करने वाले हैं।

स्थानीय खबरों के मुताबिक, इमरान खान जल्द ही ÷चुनाव कराओ, मुल्क बचाओ÷ अभियान के तहत अपनी पार्टी की रैलियों को संबोधित करेंगे और रैली के दौरान पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा विधानसभाओं को भंग करने की अपनी %अंतिम% योजना की घोषणा करेंगे। चूंकि इमरान खान पर हमला हुआ था इस कारण वह अपने आवास से ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए लोगों को संबोधित करेंगे।



इसकी जानकारी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता हम्माद अजहर ने दी।


उन्होंने बताया कि पीटीआई ने शनिवार को सभी मंडल मुख्यालयों पर एक साथ रैलियां आयोजित करने की योजना बनाई है। बता दें कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान में प्रधानमंत्री इमरान खान सरकार के लिए दोबारा चुनाव कराने के साथ अन्य मुद्दों पर मोर्चा खोले हुए हैं जिसकी वजह से पाकिस्तान एक राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है वहीं प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मध्यावधि चुनाव कराने को लेकर मांग को खारिज कर दिया।

विधानसभाओं के विघटन को लेकर पीटीआई के सहयोगियों के बीच विभाजन की खबरों को खारिज करते हुए, वरिष्ठ मंत्री मियां असलम इकबाल ने जोर देकर कहा कि पार्टी में ऐसा कुछ नहीं है, वहीं विधानसभा के विघटन की तारीख को अंतिम रूप देने के लिए एक बैठक बुलाई गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि मेरी राय में, विधानसभाओं को 20 दिसंबर से पहले भंग कर देना चाहिए, ताकि रमजान से पहले चुनाव हो सकें।

## चिप प्रतिबंधों का चीन में दिखने लगा है असर, लेकिन लंबी अवधि में बदल सकती है सूरत

**बीजिंग, 14 दिसम्बर 2022।**

उन्नत चिप का चीन को निर्यात करने पर लगी अमेरिकी रोक का असर चीन के अंदर देखा जा रहा है। अब यहां ये अहसास होने लगा है कि इस अमेरिकी प्रतिबंध से चीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग और क्लाउड कंप्यूटिंग के क्षेत्रों में चीन के लिए फिलहाल तेजी से आगे बढ़ना मुश्किल हो जाएगा। इन प्रतिबंधों के कारण चीन की सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनी-सेमीकंडक्टर मैनुफैक्चरिंग इंटरनेशनल कॉरपोरेशन (एसएमआईसी) के लिए भी दिक्कतें खड़ी हो रही हैं। उसे मशीन रखरखाव और उपकरण बदलने की सेवाओं से वंचित होना पड़ रहा है।



अमेरिका के जो बाइडन प्रशासन ने बीते अक्तूबर में चीन के साथ उन्नत चिप के किसी कारोबार पर रोक लगा दी थी। इस प्रतिबंध के कारण अमेरिका की लैम रिसर्च, एप्लाइड मैटेरियल, केएलए कॉरपोरेशन जैसी कंपनियों ने चीन में अपनी बिक्री और सेवाएं देने पर रोक लगा दी है। नीदरलैंड्स की कंपनी एसएसएमएल होल्डिंग ने अपने अमेरिकी कर्मचारियों से कहा है कि वे अगले नोटिस तक चीनी ग्राहकों को अपनी कोई सेवा ना दें।

अमेरिकी थिंक टैंक पीटरसन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स से जुड़े विशेषज्ञों गैरी क्लाइड हौफबाउर और मेगन होगन ने एक विश्लेषण में लिखा है कि बाइडेन प्रशासन ने अपने इस कदम से चीनी सेना के आधुनिकीकरण को रोकने का सबसे गंभीर प्रयास किया है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी में स्थित ईस्ट एशिया फोरम की तरफ से प्रकाशित इस विश्लेषण में कहा गया है कि उन्नत सेमीकंडक्टर पर ही हाइपरसोनिक अस्त्र निर्भर करते हैं। ताजा कदम के साथ बाइडेन प्रशासन ने प्रयास किया है कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में चीन 2022 में जहां तक पहुंचा, वह उसके आगे ना जा पाए।

दोनों विशेषज्ञों के मुताबिक चिप उत्पादन क्षेत्र में चीन में प्रतिभा और अनुसंधान के अभाव का फायदा अमेरिका उठाना चाहता है। इसमें उसे फिलहाल कामयाबी भी मिल सकती है। लेकिन दोनों विशेषज्ञों के मुताबिक यह मानना गलत होगा कि लंबी अवधि में भी चीन की प्रगति ठहरी रहेगी। उन्होंने ध्यान दिलाया है कि प्रतिबंध लगने के बाद चीन ने अपनी पूरी ताकत और संसाधन चिप अनुसंधान और विकास में झोंकने की तैयारी की है। इसके लिए उसने 'हॉल ऑफ द नेशन' (संपूर्ण राष्ट्र) नजरिया अपनाया है, जिसके तहत इस उद्योग में राष्ट्रीय संसाधनों का निवेश किया जा रहा है।

अमेरिकी थिंक टैंक रैंड कॉरपोरेशन ने राय जताई है कि हालिया प्रतिबंधों से चीन की सेना को पंगु बनाना संभव नहीं होगा। इसी वर्ष जारी अपनी एक रिपोर्ट में इस संस्था ने कहा था कि चीन की सैनिक प्रणालियां पुराने और कम जहीन चिप पर निर्भर हैं। इन चिप की उपलब्धता पर अमेरिकी प्रतिबंधों का कोई असर नहीं होगा। अगर चीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित हथियार प्रणालियां बनाना चाहेगा, तो उन्हें वह बना सकेगा, हालांकि उसकी लागत बढ़ जाएगी।

सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के कई विशेषज्ञ यह राय जता चुके हैं कि चीन पहले ही उन्नत चिप बनाने की तकनीकी क्षमता हासिल कर चुका है। लेकिन अभी उसके पास इन चिप का व्यापारिक पैमाने पर उत्पादन करने की क्षमता नहीं है। कुछ वर्षों में वह इन्हें जरूर हासिल कर सकता है। जानकारों का कहना है कि तब तक चीन की इस क्षेत्र में प्रगति निश्चत रूप से बाधित रहेगी।

## रूस ने कहा-क्रिसमस के बीच भी नहीं रुकेगी जंग, कीव में फिर सुनाई दी जोरदार धमाकों की आवाज

**कीव/मॉस्को , 14 दिसम्बर 2022।** रूस और यूक्रेन के बीच इस साल 24 फरवरी को शुरू हुआ युद्ध अभी समाप्त नहीं हुआ है। इस बीच राजधानी कीव के शेवचेनकिवस्की जिले में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई हैं। शहर के मेयर विताली क्लिच्को ने बुधवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर जिले में धमाकों की सूचना दी। उधर, रूस ने क्रिसमस के बीच भी युद्ध को जारी रखने की बात कही है।

रूसी समाचार एजेंसी %टेलीग्राफ एजेंसी ऑफ द सोवियत यूनियन% (टास) के मुताबिक, कीव में 5 बजकर 55 मिनट (06.55 मॉस्को समय) पर एक हवाई हमले का अलर्ट जारी किया गया। कीव, विन्नित्सा और जाइटॉमिर इलाकों में भी इमरजेंसी सायरन बजे। शेवचेनकिवस्की जिला, कीव के मध्य हिस्से में स्थित है। जिले के औद्योगिक परिसर में 71 उद्यम हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को अपने संबोधन में कहा, 293 दिनों के इस भयानक युद्ध में बहुत से घटनाक्रमों ने विभिन्न देशों और नेताओं के लिए खुद को दिखाने के लिए अवसर पैदा किए। मैं आप सबका आभारी हूं। प्यारे दोस्तों, न्यूजीलैंड उन देशों में पहले नंबर पर था जिन्होंने स्वतंत्रता और न्याय के संघर्ष में यूक्रेन का समर्थन किया।



उन्होंने आगे कहा, विभिन्न तानाशाहों और आक्रमणकारियों को हमेशा एहसास नहीं होता है कि आजाद दुनिया की ताकत यह नहीं है कि उसके पास कोई बड़ा हथियार है, लेकिन हकीकत यह है कि उसमें हर कोई जानता है कि कैसे एकजुट होना है और निर्णायक रूप से ईमानदारी से काम करना है। उसमें हर कोई सामान्य कारण के लिए योगदान देता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवनार को यूक्रेन के ओडेसा में अधेरा छाया रहा, क्योंकि इस 15 लाख से ज्यादा की आबादी वाले बंदरगाह शहर में तापमान में गिरावट के कारण बिजली की सुविधाएं प्रभावित हुई। लोग बिना बिजली के ही रहे।

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने अपने रात के समय संबोधन में कहा कि ओडेसा में स्थिति बहुत कठिन है, क्योंकि उर्जा सुविधाओं की मरम्मत में महीनों लग सकते हैं। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, ईरान में बनाए गए ड्रोन के द्वारा हमलों में दो उर्जा सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया गया था। इससे उर्जा के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

उधर, दूसरी ओर रूस ने संकेत दिए हैं कि क्रिसमस के त्योहार में भी युद्ध जारी रहेगा। इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा था कि क्रिसमस तक रूस के सैनिकों को यूक्रेन से बाहर खदेड़ने के लिए शुरूआत करें। यह दोनों देशों की शांति के लिए उठाया गया पहला कदम होगा।

रूस ने बुधवार को जानकारी दी है कि वह यूक्रेन में मौजूद अधिकारी पैट्रियट मिसाइल रक्षा प्रणाली को ध्वस्त करने की कोशिश करेगा। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सप्ताहांत तक अमेरिका यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल सिस्टम देगा। इसे भेजने के लिए वह योजना को अंतिम रूप दे रहा है।

## अमेरिकी के दो ज्वालामुखी में लावा निकलना बंद

**होनोलूलू (अमेरिका),14 दिसंबर 2022।** अमेरिकी वैज्ञानिकों ने एलान किया है कि हवाई राज्य में दो सक्रिय ज्वालामुखी में से लावा निकलना बंद हो गया है। इनमें से एक ज्वालामुखी में से निकले लावे ने 2018 में सैकड़ों मकानों को तबाह कर दिया था और दूसरे ज्वालामुखी का लावा हाल में एक अहम बिग आइलैंड राजमार्ग तक पहुंचने से पहले रुक गया था।

अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के हवाई ज्वालामुखी पर्यवेक्षक ने मंगलवार को एक बयान में कहा, %%किलौवा और मौना लोआ ज्वालामुखी में अब लावा नहीं निकल रहा है। दुनिया के सबसे बड़े ज्वालामुखी मौना लोआ ने 38 साल शांत रहने के बाद 27 नवंबर को लावा उगलना शुरू किया था। किलौवा में सितंबर 2021 से ही लावा निकल रहा था। 2018 में इसके कारण 700 से अधिक मकान तबाह हो गए थे।

## अमेरिका और चीन दोनों चाहते हैं कि एंटनी ब्लिंकन की बीजिंग यात्रा कामयाब हो!

**वाशिंगटन , 14 दिसम्बर 2022।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की चीन यात्रा की तैयारी पूरी गंभीरता के साथ की जा रही है। इसके लिए अमेरिका और चीन के अधिकारियों के बीच निकट संपर्क बना हुआ है। दोनों देशों के अधिकारी ब्लिंकन की बीजिंग यात्रा के कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। ब्लिंकन अगले साल के आरंभ में चीन जाएंगे। इस बारे में घोषणा इंडोनेशिया के बाली में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पहली निजी मुलाकात के बाद हुई थी। दोनों राष्ट्रपति जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने बाली गए थे।

ब्लिंकन और शी जिनपिंग के बीच इस बात पर सहमति बनी थी कि दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों को लगातार संपर्क में बने रहना चाहिए। अमेरिकी अधिकारियों ने मीडियाकर्मियों को बताया है कि ब्लिंकन की यात्रा के दौरान मुख्य जोर ऐसे उपायों पर होगा, जिससे दोनों देशों के बीच दुर्घटनावश कोई बड़ा टकराव ना हो जाए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक चीन और अमेरिका दोनों ब्लिंकन की अगली बीजिंग यात्रा को बेहद अहम मान रहे हैं।

इस यात्रा की तैयारी में अभी अमेरिका पूर्वी एशिया और प्रशांत मामलों के सहायक विदेश मंत्री डैनियल क्रिटेनब्रिंक चीन यात्रा पर हैं। उनके साथ अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में चीन और ताइवान विभाग की वरिष्ठ निदेशक लाउरा रोजेनबर्ग भी बीजिंग गई हैं। यहां सरकारी तौर पर बताया गया है कि क्रिटेनब्रिंक और रोजेनबर्ग बाइडन-शी बातचीत में बनी सहमति को और आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। उनकी यात्रा शुरू होने से पहले अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों अधिकारी अमेरिका और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा को जिम्मेदारी से संभालने और सहयोग के संभावित क्षेत्रों का पता लगाने पर बातचीत करेंगे।



बीजिंग में रविवार और सोमवार को क्रिटेनब्रिंक और रोजेनबर्ग के साथ चीन के उप विदेश मंत्री शिये फेंग की बातचीत हुई। चीन के विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के संवेदनशील मुद्दों को ठीक से संभालने के उपायों पर विचार-विमर्श किया। क्रिटेनब्रिंक और रोजेनबर्ग बीजिंग के बाद दक्षिण कोरिया और जापान जाएंगे। वहां भी बातचीत का प्रमुख मुद्दा चीन से जुड़े मसले होंगे। इसके अलावा उत्तर कोरिया से जुड़े विवाद पर भी वहां वार्ता होगी।

विश्लेषकों के मुताबिक अमेरिका यूक्रेन पर रूस के हमले के खिलाफ पश्चिमी प्रतिक्रिया में चीन को भी शामिल करने को इच्छुक है। वह चाहता है कि यूक्रेन में टकराव और न बढ़ाने के लिए रूस पर दबाव डालने की कोशिश में चीन शामिल हो। अमेरिका ने चीन को संदेश भेजा है कि रूस को यह समझाया जाना चाहिए कि वह पश्चिमी देशों को इस युद्ध में सीधे नहीं उलझने के लिए मजबूर ना करे।

अमेरिकी विश्लेषकों के मुताबिक इस समय चीन का ध्यान उसकी धीमी होती अर्थव्यवस्था पर है। अर्थव्यवस्था को संभालने की कोशिश में ही वह लगातार जीरो-कोविड की अपनी नीति को नरम कर रहा है। साथ ही वह चाहता है कि अमेरिकी कंपनियों के चीन में कारोबार करने की राह में बाइडन प्रशासन रुकावट ना डाले। समझा जाता है कि दोनों तरफ ऐसी इच्छाओं के कारण ब्लिंकेन की यात्रा के दौरान कोई महत्त्वपूर्ण सहमति बन सकती है।

## छिन गया दुनिया के सबसे अमीर का ताज,एलन मस्क को ट्विटर से लगा तगड़ा झटका,बर्नार्ड अरनॉल्ट शीर्ष पर

**नई दिल्ली, 14 दिसम्बर 2022।** टेस्ला, स्पेसएक्स व ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने दुनिया के सबसे रईस होने का खिताब खो दिया है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार बर्नार्ड अरनॉल्ट ने उनकी जगह ले ली है। वे अब दुनिया के सबसे धनी बन गए हैं। ट्विटर के अधिग्रहण के बाद मस्क को बड़ा झटका लगा है।

अरनॉल्ट फैशन की दिग्गज कंपनी ख्र्ड्ढ्र के प्रमुख हैं। 51 साल के एलन मस्क की संपत्ति में इस साल अब तक करीब 100 अरब डॉलर की गिरावट आ चुकी है। उनकी कुल संपत्ति 168.5 अरब डॉलर की रह गई है, जबकि 73 वर्षीय अरनॉल्ट की संपत्ति का मूल्य सोमवार सुबह 172.9 अरब डॉलर था। अरनॉल्ट की संपत्ति में 48 फीसदी योगदान एलवीएमएच का है। फोर्ब्स के अनुसार लगभग 70 फैशन और ब्यूटी ब्रांड्स के समूह के मालिक हैं।

**टेस्ला के शेयर मूल्य में 50 फीसदी तक गिरावट**

एलन मस्क के लिए आर्थिक दृष्टि से यह साल खराब रहा है। उनकी संपत्ति के मूल्य में भारी गिरावट आई है। हाल ही उन्होंने 44 अरब डॉलर विश्व की अग्रणी माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर का अधिग्रहण किया है। इसके बाद उनकी कंपनियों के शेयर मूल्यों में गिरावट से उन्हें आर्थिक झटका लगा है। उनकी प्रमुख कंपनी टेस्ला के शेयर में इस वर्ष 50 फीसदी की गिरावट आ चुकी है।



मस्क ने ट्विटर के अधिग्रहण से पीछे हटने की भी कोशिश की, लेकिन कोर्ट के पचड़े के कारण उन्हें इसे खरीदना ही पड़ा। ट्विटर के अधिग्रहण के लिए उन्हें टेस्ला के 15 अरब डॉलर से ज्यादा के शेयर बेचना पड़े। जब मस्क ने अक्तूबर में ट्विटर के अधिग्रहण को अंतिम रूप दिया तो ब्लूमबर्ग वेल्थ इंडेक्स ने उनके संपत्ति मूल्य में 10 अरब डॉलर की गिरावट कर दी। ट्विटर के अधिग्रहण के बाद से मस्क उसमें व्यापक बदलाव कर रहे हैं। छंटनी व नीतिगत बदलाव जैसे कदम भी उठाए गए हैं, लेकिन इनके साथ ही विवाद भी उठते रहे हैं।

**फैशन, वाइन व रिटेल में अग्रणी है एलवीएमएच**

वहीं, मस्क से दुनिया के सबसे रईस होने का खिताब लेने वाले बर्नार्ड अरनॉल्ट की अग्रणी कंपनी फ्रांस की एलवीएमएच फैशन, वाइन और रिटेल क्षेत्र में फिर आए उछाल से काफी मुनाफा कमा रही है। कंपनी के क्रिश्चियन डायर, फेंडी, जौहरी बुल्गारी और टिफनी एंड कंपनी के अलावा शैंपेन हाउस जैसे ब्रांड उनकी दौलत में लगातार इजाफा कर रहे हैं।

**फोर्ब्स के रईसों की सूची में दो भारतीय, अदाणी तीसरे नंबर पर**

फोर्ब्स की रीयल-टाइम अरबपतियों की सूची में दो भारतीय भी शामिल हैं। विश्व के 10 शीर्ष रईसों में उद्योगपति गौतम अदाणी तीसरे नंबर पर हैं। एशिया के सबसे अमीर गौतम अदाणी की कुल संपत्ति 134 अरब डॉलर है। वहीं, मुकेश अंबानी आठवें स्थान पर हैं। उनकी संपत्ति 92.5 अरब डॉलर की है।

# कोयला चोरी मामले में फरार 2 आरोपी गिरफ्तार,चौकी खड़गवां पुलिस की कार्यवाही

- संवाददाता -
सूरजपुर, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बीते दिनों चौकी खड़गवां की पुलिस ने ग्राम पम्पापुर में चोरी का कोयला सहित 2 ट्रक, 1 पिकअप व 1 ट्रेक्टर वाहन पकडते हुए 40 टन कोयला कीमत 2 लाख का रूपये को जप्त कर धारा 41(1-4)जा.फौ./379 भादस. के तहत कार्यवाही किया था मामले में आरोपी चालकगण अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले थे।

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने मामले में आरोपियों की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश चौकी प्रभारी खड़गवा को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में चौकी खड़गवां की पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी में करते हुए पूर्व में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया था तथा फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर आज पण्डरी वाड्रफनगर में दबिश देकर फरार ट्रक मालिक दीपक गुप्ता एवं चालक वारिश शेख दोनों निवासी ग्राम पंडरी थाना रघुनाथनगर जिला बलरामपुर को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने चोरी का कोयला वाहन में लोड कर ले जाना स्वीकार किया। मामले में दोनों आरोपियों को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड़गवां संजय सिंह, प्रधान आरक्षक शिवलोचन पैंकरा, संजय सिंह यादव, आरक्षक श्याम सिंह व विरेंद सिंह सक्रिय रहे।




# 17 दिसम्बर को मनाया जाएगा छत्तीसगढ़ गौरव दिवस

» गौठान, धान खरीदी केंद्र, तेंदूपत्ता संग्रहण केन्द्र,नगरीय वार्डो में आयोजित होंगे कार्यक्रम

» कार्यक्रम में दी जाएगी शासन की प्रमुख योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी

- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर आगामी 17 दिसम्बर को प्रदेश में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश भर के विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जा जाएंगे। ज़िले में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के तहत सभी कार्यक्रमों का आयोजन सुव्यस्थित तरीके से करने हेतु कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने कड़े निर्देश दिए हैं।

गौरव दिवस के दिन सभी गौठान, प्राथमिक सहकारी समिति परिसर, धान खरीदी केंद्र एनगरीय निकाय के वार्डए तेंदूपत्ता संग्रहण केन्द्र और वनोपज प्रबंधन समिति के कार्यालय आदि में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रात 11 बजे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का जनता के नाम संदेश का प्रसारण किया जाएगा। साथ ही शासन की प्रमुख योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी भी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर गौठानों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में किसान, गौठान समिति के अध्यक्षए सदस्य, पशुपालक, भूमिहीन मजदूर, जनप्रतिनिधि, स्थानीय निकायों के सदस्य, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य और स्थानीय निवासियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसी तरह वन क्षेत्रों में उक्त अवसर पर आयोजित छत्तीसगढ़ गौरव दिवस कार्यक्रम सभी तेंदूपत्ता संग्रहण केन्द्र और वनोपज प्रबंधन समिति के कार्य स्थलों में आयोजित किए जाएंगे।



# प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द अवस्थी के मुख्य अतिथ्यि में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ का बलरामपुर जिले में पत्रकरो के साथ बैठक संपन्न

- संवाददाता -
वाड्रफनगर, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर के सर्किट हॉउस में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी का आगमन हुआ जहाँ पत्रकरो के साथ बैठक लेकर उनका हाल-चाल जाना । प्रदेश अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सभी पत्रकार साथियो को अधिमान्यता सहित , पत्रकार बीमा और पत्रकारो के साथ क्षेत्र में समाचार कवरेज के दौरान होने वाले परेशानी पर क़ानूनी सलाह एवं उनके अधिकारो को अवगत कराते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पत्रकार सबंधी सभी योजना को भी बताए । इसके पश्च्यात छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के संगठन को बलरामपुर जिले सहित सभी ब्लाक में नए कार्यकरणी में नए दाईत्व निर्वहन करने सबंधी कार्य विस्तार पर चर्चा किए ।

बैठक संपन्न होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द अवस्थी सभी पत्रकार साथियो के साथ डिनर किए । उसके बाद रात्रि विश्राम बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर लोक निर्माण विभाग के सर्किट हॉउस में किए ।

जहाँ से 13 दिसंबर 2022 को प्रातः माँ विंध्यवासनी धाम का दर्शन करने उत्तरप्रेश के विंध्याचल के लिए प्रस्थान किए । पत्रकार साथियो द्वारा छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर भेंट किए ।

# छात्राओं को स्कूल आने-जाने की सुविधा मिलने से पढाई नही होगी बाधित:भगत

» खाद्य मंत्री ने किया 283 स्कूली छात्राओं को सायकल वितरित

» शासकीय हाई स्कूल सूर में होगा बाउंड्रीवाल निर्माण






- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अमरजीत भगत बुधवार को सीतापुर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत 283 स्कूली छात्राओं को सायकल वितरण तथा 12 हितग्राहियों को राशन कार्ड तथा 1 हितग्राही को स्वेच्छानुदान का चेक वितरित किया। खाद्य मंत्री श्री भगत ने शासकीय हाई स्कूल सूर में बाउंड्रीवाल बनाने की घोषणा भी की।

खाद्य मंत्री ने सीतापुर विकासखंड के शासकीय कन्या स्कूल सीतापुर, हाई स्कूल सूर और हाई स्कूल गेरसा में सरस्वती सायकल योजना के वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कुल 283 छात्राओं को सायकल वितरित किया। इसके पश्चात् खाद्य मंत्री श्री भगत आदिम जाति सहकारी समिति गेरसा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री नागेश्वर प्रसाद के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए और उनको भविष्य की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खाद्यमंत्री श्री भगत ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शासन के द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। छात्राओं के स्कूल आने जाने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप सरस्वती सायकल योजना के माध्यम से छात्राओं को साइकल वितरण किया जा रहा है जिससे छात्राओं को स्कूल आने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी और उनकी पढ़ाई भी बाधित नहीं होगी। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। राज्य में धान खरीदी त्यौहार चल रहा है। पूरे भारतवर्ष में धान का सर्वाधिक मूल्य छत्तीसगढ़ में प्रदान किया जा रहा है। ग्रामीण भूमिहीन लोगों को कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत सरकार के द्वारा सालाना 7 हजार रुपये प्रदान किया जा रहा है। गोठानो में स्व सहायता समूहों के आजीविका संवर्धन के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। गांव से लेकर शहर तक शासन की योजनाओं का प्रभाव देखने को मिलता है।

इस दौरान उर्दू अकादमी के सदस्य श्री बदरुद्दीन इराकी, एल्डरमेन श्री संदीप गुप्ता, एसडीएम श्री रवि राही, जनपद सीईओ श्री संजय मरकाम, तहसीलदार श्री मुखदेव यादव, श्री तिलक बेहरा, श्री गणेश सोनी तथा अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# विधानसभा सत्र 2023 के दौरान कार्य संपादन हेतु कर्मचारियों की लगायी गयी ड्यूटी

कोरिया , 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ विधानसभा की पंचम विधानसभा का पन्द्रहवां सत्र 02 जनवरी 2023 से 06 जनवरी 2023 तक संचालित होना है। इस अवधि में विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तैयार करने एवं समय-सीमा में भेजने हेतु शासकीय अवकाश के दिनों में कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक-07 में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर कार्य सम्पादित किये जाने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। जिसके अंतर्गत 17 दिसम्बर को राजस्व विभाग के सहायक ग्रेड 03 श्री ज्ञान प्रसाद भगत तथा भृत्य श्री बाल कुमार, 18 दिसम्बर को सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के सहायक ग्रेड-03 श्री दयाशंकर साहू तथा भृत्य श्री परेश चन्द पैकरा, 24 दिसम्बर को भू-अभिलेख के सहायक ग्रेड 03 के श्री दिव्य कुमार राजवाड़े तथा चौनमेन श्री अर्जून, 25 दिसम्बर को भू-अभिलेख के सहायक ग्रेड 03 श्री रामेश्वर द्विवेदी तथा निर्वाचन के भृत्य श्री विश्वास साहू, 31 दिसम्बर को श्रम विभाग के सहायक ग्रेड 03 श्री निलेश कुमार साहू तथा महिला बाल विकास विभाग के श्री मुक्ति कुमार शर्मा, 01 जनवरी को आदिवासी विकास विभाग के सहायक ग्रेड-03 श्री नारेन्द्र कुमार विश्वकर्मा एवं राजस्व विभाग के प्रोसेस सर्वर श्री लखन राम की डयूटी लगाई गयी है।

# आठ सुत्रीय मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका

- संवाददाता -
कुसमी, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



विकासखण्ड मुख्यालय के दुर्गा चौक में आज से आगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ने आठ सुत्रीय मांगो को लेकर आज बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गये,जानकारी के मुताबिक आंगनबाड़ी कर्मियों की मांग है कि उन्हें शासकीय कर्मचारी घोषित कर समाजिक सुरक्षा देकर उचित श्रेणी में शामिल किया जाये,साथ ही वेतन भी बढाने की मांग, के साथ-साथ सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिये आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के विरिष्ठता एवं शैक्षणिक योग्यता के आधार पर ही सुपरवाइजर के पदों की भर्ती की जाने की मांग ,वही मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पद को समाप्त कर मेन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर उन्हें भर्ती किया जाये,पोषण ट्रेकर में काम करने हेतु एनरॉयड फोन सीम कार्ड के साथ इंटरनेट खर्च की निर्धारित राशी की मांग के साथ एरियस भत्ता जीवन निर्वाह भत्ता भविष्य निधि,चिकित्सा सुविधा सहित अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गये है,धरना आंदोलन कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के जिलाध्यक्ष गौरी देवी, प्रदेश मंत्री रेणु गुप्ता,सेक्टर अध्यक्ष उत्तरा रवि,कंचन पैकरा, चमेली भगत,कविता भगत, ज्योति, अंजनी, पुनम, विमला, संगीता सहित काफी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका शामिल हुये।

# पशु सखियों को दिया गया उद्यमिता प्रशिक्षण



- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के निर्देशानुसार कृषि विज्ञान केंद्र अजिरमा अंबिकापुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा पशु सखियों को कृषि उद्यमिता पर आधारित 13 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया। प्रशिक्षण में महिला स्वंय सहायता के सदस्यों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सवालंबन बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिले के लगभग 525 पशु कृषि सखी है जिसमे से प्रथम चरण में ग्रेडिंग कर 32 प्रथम श्रेणी के कैडरों का उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग के डाक्टर सीके मिश्रा, डाक्टर अजय गोयल एवं उमेश कुशवाहा के सहयोग से सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण अगस्त एवं सितम्बर में 10 दिवस का दिया गया एवं उन्हें अपने क्षेत्र में पशु चिकित्सालय में प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु भेजा गया जहाँ क्षेत्र के पशु चिकित्सक के सहयोग से प्रशिक्षण प्राप्त किये। दौरान पशु सखी.आवास प्रबन्धन, टीकाकरण, कीड़े की दवा पिलाना, इंजेक्शन लगाना सहित पशु संगणना सीखे उसके उपरांत वो महिलाऐं तीन दिवस के रिफ्रेशर में उपस्थित हुए। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओ ने जिला पंचायत सीईओ को अपना अनुभव साझा किये। जिसमे उन्होंने बताया की सर पिछ्ले तिन माह से पहले हम एक सुई देख कर डर जाते थे और आज जानवरों को टिका लगा रहे हैं इसे समाज में उंचा सम्मान मिला है एवं साथ ही एक आर्थिक आय का जरिया भी बढ़ा है।



महिलाओं ने प्रशिक्षण के दौरान 10 हजार 546 जानवरों में टीकाकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं। फिल्ड में कार्य करने वाली महिलाओ को तकनीकी सहयोग पशु चिकित्सा विभाग के साथ प्रदान संस्थान द्वारा किया जा रह है।

प्रशिक्षण के समापन में सीईओ जिला पंचायत, निदेशक कृषि विज्ञानं केंद्र, उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग, डाक्टर सीके मिश्राए, डीएमएम नीरज नामदेव, डीपीएम आजीविका राहुल मिश्रा सहित प्रदान के एक्जीक्यूटिव उपस्थित थे।






# दशमेश पब्लिक स्कूल मे योग के माध्यम से जीवन प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

दशमेश पब्लिक स्कूल मे योग के माध्यम से जीवन प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम के माध्यम से योगिक जांगिंग के बारह अभ्यास, सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाती प्राणायाम, अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रामरी, उद्गीत, प्रणव प्राणायाम कराया गया। विद्यार्थी को आज के वर्तमान समय में योग को अपनाने की नितांत आवश्यकता है, योग एक परमाणु शक्ति है जो सृजन करती है विनाश नहीं, योग करने से भीतर की आंतरिक शक्ति को जानते है और जगाते हैं अपने जीवन का सदुपयोग कर पायेंगे, अन्यथा जीवन नशा, वासना, अपराध में भटक जायेगा। योग से से जीवन रुपांतरित हो जायेगा, इस कार्यक्रम को योग शिक्षक कमलेश योगी द्वारा संचालित किया गया। इस आयोजन में, संस्था अध्यक्ष हरप्रीत बाबर, संस्था प्राचार्य, विशेष दुबे का विशेष सहयोग रहा।

# नया ट्रांसपोर्ट नगर बसाने को लेकर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने,मचा घमासान

- संवाददाता -
कोरबा, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जिले में नया ट्रांसपोर्ट नगर बसाने को लेकर कांग्रेस और भाजपा में घमासान मची हुई है। वही अब एक-दूसरे की जमीनों के राज इस मुद्दे के बहाने खोले जा रहे हैं। पहले भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह,रामपुर विधायक व पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने राजस्व मंत्री व कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल के परिजनों तथा करीबियों के जमीनों को बरबसपुर में होना उजागर कर नया ट्रांसपोर्ट नगर बसाने के जिद्द पर आड़े हाथों लिया। वही दूसरी तरफ अब जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने पूर्व में विधायक जयसिंह अग्रवाल द्वारा रुमगरा में नया ट्रांसपोर्ट नगर बसाने के प्रस्ताव के विरुद्ध तत्कालीन सांसद डॉ. बंशीलाल महतो के द्वारा बरबसपुर में ट्रांसपोर्ट नगर बसाने के प्रस्ताव पर कारण उजागर करते हुए भाजपा नेताओं के नाम सार्वजनिक किए हैं,जिनकी जमीन यहां मौजूद है। वही नया ट्रांसपोर्ट नगर के लिए बरबसपुर में प्रस्ताव पारित होने के बाद इसके लिए आवश्यक प्रशासनिक और वैधानिक प्रक्रिया काफी हद तक पूर्ण हो चुकी है। ऐन वक्त पर प्रशासन द्वारा कारण बताते हुए इसे झगरहा में स्थापित करने के प्रस्ताव का राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने न सिर्फ विरोध किया बल्कि अधिकारियों को भी खरी-खोटी सुनाई। वही भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह,रामपुर विधायक ननकी राम कंवर ने इस मुद्दे पर राजस्व मंत्री को जमीन के बहाने घेरा कि अपने लोगों की जमीन का मुआवजा बढ़ाने के लिए बरबसपुर में ट्रांसपोर्ट नगर के लिए जोर दे रहे हैं। अब कांग्रेस ने जमीनों का पुलिंदा खोलते हुए भाजपा नेताओं को घेरा है। नया ट्रांसपोर्ट नगर कहां और कब तक बनेगा,शहरवासियों को भारी वाहनों के दबाव से कब तक निजात मिल पाएगी,यह तो वक्त बताएगा लेकिन इससे पहले अब तक जमींदोज रहे बरबसपुर जमीनों के राज सतह पर उभर आए हैं। जनता भी सारे मामलों पर बड़ी खामोशी से नजरें बनाए हुए है कि नया ट्रांसपोर्ट नगर का ऊंट आखिर किस करवट बैठेगा।



# मालगाड़ी से टकराई कार के उड़े परखच्चे,दो लोग गंभीर रूप से घायल

- संवाददाता -
कोरबा, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जिले में एक बड़ा हादसा होते होते बच गया। मामला कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगानगर पर खुला समपार ट्रैक पर का है जहाँ रेलवे फाटक को पार करते समय एक कार मालगाड़ी की चपेट में आ गई। जिसमें कार में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगानगर पर खुला समपार ट्रैक पर कार (क्रमांक सीजी 12 एबी 7771) मालगाड़ी की चपेट में आ गया, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि जिस वक्त यह हादसा हुआ उस वक्त मालगाड़ी कोरबा से एनटीपीसी जा रही थी। वही कार सवार रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे उसी समय यह हादसा हो गया। इस घटना के बाद आसपास के राहगीरों की भीड़ जमा हो गई एवं तत्काल कुसमुंडा पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पुलिस द्वारा कार्यवाही शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि कार में सवार कोरबा के ठेकेदार सतीश अग्रवाल और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद घायलों को निजी वाहन के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। जहाँ उनका उपचार जारी है।



# वन मंडल कोरबा के करतला रेंज में दो साल बाद 39 हाथियों का झुंड पहुंचने से दहशत

- संवाददाता -
कोरबा, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरबा वन मंडल के करतला रेंज में दो साल बाद 39 हाथियों का झुंड पहुंचने से ग्रामीण रतजगा करने के साथ दहशत में है। मंगलवार शाम हाथी कोटमेर के आसपास घूम रहे थे। कोरबा रेंज में भी एक दंतैल पहुंचा है। वन विभाग की टीम हाथियों की निगरानी कर रही है। उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में घूम रहें 25 हाथियों का झुंड सब्जी की फसल को चौपट करने के बाद कोरबी से आगे बढ़ गया है। कोरबा वन मंडल हाथियों से सबसे अधिक प्रभावित था। लेकिन दो साल से हाथी कम ही आते हैं। धरमजयगढ़ वन मंडल की सीमा में करतला रेंज आता है। इसी वजह से मांड नदी पारकर हाथी पहुंच जाते हैं। हाथियों ने आने के बाद चांपा, कोटमेर, करतला व आसपास गांवों में मुनादी कराई गई है।धान की फसल कटने के बाद हाथी अब गांव के आसपास पहुंच रहे हैं। एक दंतैल हाथी भी घूम रहा है। एसडीओ आशीष खेलवार ने बताया कि प्रभावित गांवों में लोगों को सतर्क कर दिया गया है। हाथी जंगल में ही रहे इसके लिए वन विभाग की टीम निगरानी में जुटी हुई है। अभी तक किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। हाथी वापस जाएं इसके लिए विभाग द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।



# अवैध कोल डिपो पर एसडीएम ने मारा छापा,दो कोयला लोड ट्रैक्टर सहित 25 टन कोयला जब्त

- संवाददाता -
कोरबा, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरबा में अवैध कार्यो को रोकने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार दिशा निर्देश अपने अधिकारियों को दिए जाते हैं समय-समय पर कार्यवाही भी की जाती है ,लेकिन अवैध कार्य करने वाले मौका देखकर अवैध कार्य को अंजाम देने से नहीं चूक रहें हैं । इसी कड़ी में पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चेपा में स्थानीय प्रशासन को अवैध कोल डिपो के संचालित होने की सूचना मिली थी, जहां पर बीती रात कलेक्टर संजीव झा के निर्देश पर पाली एसडीएम मनोज खांडेकर व नायब तहसीलदार पाली के द्वारा चेपा में चल रहे अवैध कोल डिपो पर छापा मारा गया जहां मौके पर 25 टन अवैध कोयला मिला, जिसमें से दो ट्रैक्टर अवैध कोयले भरे पाए गए एवं 8 टैक्टर कोयला यार्ड में डंप पाया गया। मौके पर मिले दो अवैध कोयला लोड ट्रैक्टर सहित 25 टन अवैध कोयले की जब्ती की कार्यवाही करते हुए आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है । एसडीएम मनोज खांडेकर ने बताया कि इस प्रकार की अवैध कार्यों पर अंकुश लगाने आगे भी कार्यवाही की जाएगी ।



# नशे की हालत में वाहन चलाने वाले 52 चालकों पर यातायात पुलिस ने की कार्यवाही

- संवाददाता -
कोरबा, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरबा यातायात पुलिस और जिलेभर के विभिन्न थाना चौकी क्षेत्र में देर रात एक बार फिर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। वही इस दौरान नशे में वाहन चलाते 52 चालकों को पकड़ा गया। सभी चालकों के वाहनों को थानों में सुरक्षित रखकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां प्रति चालकों को 10 हजार रुपये कर अर्थदंड से दंडित किया गया। मालूम हो कि जिले में पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। वही इसी के परिपालन में यातायात पुलिस के साथ सभी थाना चौकी ने मोटर यान की धारा 185 के तहत कार्यवाही कर 52 वाहन चालकों को शराब के नशे में वाहन चलाते समय पकड़ा।

यातायात उप पुलिस अधीक्षक शिवचरण सिंह परिहार ने बताया कि कोरबा जिले में वर्ष 2022 में अब तक सड़क दुर्घटना में करीब 246 लोंगो की मृत्यु हो चुकी है। वहीं 519 लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना का प्रमुख कारण लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना,शराब पीकर वाहन चलाना एवं यातायात नियमों का पालन नहीं करना है। उन्होंने बताया पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मंशानुरूप सड़क दुर्घटना के नियंत्रण एवं यातायात नियमों के पालन करवाने के लिए यातायात पुलिस विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।



# बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु दिया जा रहा प्रशिक्षण

अम्बिकापुर, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले में चयनित 556 पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम 01 दिसम्बर 2022 से आरम्भ हो गया है।

1 दिसम्बर 2022 से 30 दिसम्बर 2022 तक चलने वाली इस प्रशिक्षण में विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा छठवीं से आठवीं तक की समस्त छात्राओं को मार्शल आर्ट, कराटे, ताईक्वान्डो एवं वुशु का प्रशिक्षण पंजीकृत मार्शल आर्ट संस्थाओं के प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के संबंध में जिला मिशन समन्वयक श्री रविशंकर तिवारी ने बताया कि बालिकाओं की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए राज्य शासन की यह महत्त्वपूर्ण योजना है। बालिकाओं को दिए जाने वाले इस प्रशिक्षण में बालिकाएं बढ़ चढ़ कर भाग ले रही हैं द्य प्रशिक्षण कार्यक्रम की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है द्य संस्था प्रमुखों एवं संकुल समन्वयकों के माध्यम से प्रशिक्षण के फीडबैक भी प्राप्त किये जा रहे हैं।

## सोलर सिंचाई पम्पों से खेतों में छायी हरियाली, आसान हुई सिंचाई

कोरिया, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सौर सुजला योजना से आज जिले के दुर्गम क्षेत्रों तक भी किसानों के खेतों में फसल लहलहा रही है। जिले में छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) विभाग द्वारा प्राप्त सोलर पम्पों से सिंचाई आसान हुई है। विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 6 फेस में कुल 2,432 सोलर सिंचाई पम्प लगाए गए हैं।

विकासखण्ड सोनहत के ग्राम सलगवां के किसान सुखराज बताते हैं कि उनके पास 1.5 एकड़ कृषि योग्य भूमि है, पहले वे सीजन में ही मक्का, सरसों जैसी फसल लगा पाते थे, क्योंकि नल तथा वर्षाजल के माध्यम से पर्याप्त सिंचाई नहीं हो पाती थी, लेकिन वर्ष 2020 में 3 एचपी का सोलर पम्प लग जाने से अब पूरे वर्ष खेतों में हरियाली रहती है, जिससे वे बहुत खुश हैं। इसी तरह 1.97 एकड़ में धान, गेंहू, चना तथा सब्जी की खेती कर रहे ग्राम कैलाशपुर के रामकुमार बताते हैं कि सोलर पम्प लगने से पहले खेतों में केवल धान ही लगा पाते थे, अब अच्छी खेती से लाभ भी अच्छा हो रहा है। इसी प्रकार गांव के ही किसान इंद्रपाल सोलर पम्प से सिंचाई में हुए लाभ को बताते हुए कहते हैं कि पहले पानी की कमी के कारण पूरे खेत में सब्जियां लगाना मुश्किल था, लेकिन अब पूरे 1.5 एकड़ में सब्जियां लग रहीं हैं, जिससे पूरा परिवार बहुत खुश है।

# कटघोरा वन मंडल के पाली रेंज के लाफा क्षेत्र में मादा भालू की मिली लाश

- संवाददाता -
कोरबा, 14 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कटघोरा वन मंडल घने वन से आच्छादित है जहां विभिन्न प्रकार के वन्य प्राणियों का बसेरा है। लेकिन पिछले कुछ समय से जंगल में वन्य प्राणियों को बेहतर रहवास नहीं मिल पा रहा है। इस कारण लगातार वन्य प्राणी भटक कर रिहायशी क्षेत्र पहुंच रहे हैं और उनकी मौत भी हो रही है। नया मामला कटघोरा वन मंडल के पाली रेंज में सामने आया है। जहां लाफा गांव में कौशिक फार्म हाउस के पास एक मादा भालू की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली । ग्रामीणों ने सुबह जब भालू की लाश देखी तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। भालू के शव मिलने की सूचना पाते ही वन विभाग में हड़कंप मच गया। अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुट गई है। भालू की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पिछले कुछ महीनो में कई वन्य प्राणियों की जान चली गई । एक तरफ वन विभाग कटघोरा उनकी देखभाल पर खर्च करने के साथ व्यवस्थाओं में सुधार करने के दावे करते नहीं थक रहा,वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही दर्शा रहा है।



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### ई-ऑक्शन हेतु निविदा सूचना

No. COM/BSP/E-AUCTION/MIX/DEC/22

आय निविदा के अनुबंध के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की गई है। केटेलॉग पहले ही **IREPS** वेबसाइट (**https://ireps.gov.in**) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है: (1) **कैटेलॉग क्रमांक:** BSP-CCTV-BSP3, **श्रेणी:** विज्ञापन। **नीलामी आरंभ:** 16-12-22 12:00, **लॉट क्रमांक:** ADVT-BSP-BSP-OSD-59-22-1, **लॉट विवरण:** बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर क्लोज्ड सर्किट टेलीविजन सिस्टम लगाने और संचालन के लिए लाइसेंस। **अनुबंध अवधि:** 5 वर्ष। (2) **कैटेलॉग क्रमांक:** BSP-MA-LHB2, **श्रेणी:** विज्ञापन। **नीलामी आरंभ:** 20-12-22 12:00, **लॉट क्रमांक:** ADVT-IntExt-131166-22-1, ADVT-IntExt-131162-22-1, ADVT-IntExt-131250-22-1, ADVT-IntExt-131175-22-1, **लॉट विवरण:** रेलकोचों की साइड की दीवार की पूरी बाहरी सतह पर विज्ञापन की अनुमति और 23 वर्गमीटर प्रति कोच में आंतरिक विज्ञापन की अनुमति। **अनुबंध अवधि:** 5 वर्ष। (3) **कैटेलॉग क्रमांक:** BSP-MA-ICF2, **श्रेणी:** विज्ञापन। **नीलामी आरंभ:** 23-12-22 12:00, **लॉट क्रमांक:** ADVT-IntExt-128037-22-1, ADVT-IntExt-127092-22-1, ADVT-IntExt-154162-22-1, ADVT-IntExt-160292-22-1, ADVT-IntExt-160293-22-1, ADVT-IntExt-128043-22-1, ADVT-IntExt-154233-22-1, **लॉट विवरण:** रेलकोचों की साइड की दीवार की पूरी बाहरी सतह पर विज्ञापन की अनुमति और 23 वर्गमीटर प्रति कोच में आंतरिक विज्ञापन की अनुमति। **अनुबंध अवधि:** 5 वर्ष। (4) **कैटेलॉग क्रमांक:** BSP-OHA4, **श्रेणी:** विज्ञापन। **नीलामी आरंभ:** 21-12-22 12:00, **लॉट क्रमांक:** ADVT-BSP-RIG-OH-21-22-1, ADVT-BSP-BPH-OH-23-22-1, ADVT-BSP-BUA-OH-17-22-1, ADVT-BSP-BRJN-OH-24-22-1, ADVT-BSP-KDTR-OH-119-22-1, ADVT-BSP-HGR-OH-22-22-1, ADVT-BSP-KHS-OH-19-22-1, ADVT-BSP-SKT-OH-18-22-1, **लॉट विवरण:** सर्कुलेटिंग एरिया, आरओबी/आरयूबी, रेलवे कॉलोनी और एलसी गेट्स आदि पर होर्डिंग्स के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने की अनुमति। **अनुबंध अवधि:** 5 वर्ष।

*सीपीआर/10/361* — *वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail

G.No.-R.O.No.BSP/3236

## न्यायालय तहसीलदार लटोरी तहसील लटोरी जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

### ईश्तहार

रा0प्र0क्र0- 202211262100036-21/2022-23

सर्व साधारण ग्रामवासी निवासी ग्राम रविन्द्रनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती लक्ष्मी देवी पति दीपक निवासी ग्राम रविन्द्रनगर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर ने अपने खाते की पुर्नवास विभाग से प्राप्त भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम रविन्द्रनगर तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा 480/1 रकबा 1.40 हे0 भूमि में से रकबा 66 डिसमिल भूमि को आवेदक क्रेता श्री संजय कुमार साहा आ0 मनोरंजन साहा निवासी ग्राम संजयनगर जिला सूरजपुर के पास 5,00,00/- रूपये में बिक्री करने हेतु तय हुआ है। जिसमें 2,50,00/- रूपये अग्रिम राशि प्राप्त कर लिया गया है। आवेदित भूमि पुर्नवास विभाग से पट्टे पर प्राप्त भूमि है उक्त भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति बावत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सूरजपुर को प्रस्तुत की है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को काई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 30/12/2022 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर से जारी किया गया ।

सील — तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर(छ.ग.)

## न्यायालय तहसीलदार लटोरी तहसील लटोरी जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

### ईश्तहार

रा0प्र0क्र0- 20221226210005-21/2022-23

सर्व साधारण ग्रामवासी निवासी ग्राम संजयनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण दीपक देवनाथ आ0 स्व. सुशील देवनाथ वगैरह जाति कायस्थ निवासी ग्राम संजयनगर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर ने अपने शामिल खाते की पुर्नवास विभाग से प्राप्त भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम संजयनगर तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा नंबर 324/1 रकबा 1.81 हे0 भूमि में से रकबा 0.40 हे0 अर्थात 1 एकड़ भूमि को अनावेदक क्रेता श्री शैवी अग्रवाल पति पलाश अग्रवाल निवासी ग्राम एम0जी0 रोड अम्बिकापुर जिला सरगुजा के पास 5,70,000/- रूपये (पांच लाख सतर हजार रू0) में विक्री करने हेतु तय हुआ है। जिसमें 1,00,000/- रूपये अग्रिम राशि प्राप्त कर लिया गया है। आवेदित भूमि पुर्नवास विभाग से पट्टे पर प्राप्त भूमि है उक्त भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति बावत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सूरजपुर को प्रस्तुत की है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को काई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 30/12/2022 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर से जारी किया गया ।

सील — तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर(छ.ग.)

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

जिला :- सरगुजा (छ0ग0)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला जल एवं स्वच्छता सरगुजा की ओर कार्यापालन अभियंता सदस्य सचिव, जिला एवं जल स्वच्छता मिशन द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित (पम्प स्थापना, टंकी निर्माण एवं पाईप लाईन कार्य तथा अन्य कार्य) हेतु पत्रक, अ, (प्रतिशत दर) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.0 | दिनाँक | निविदा | सिस्टम क्रमांक | लागत (रू लाख में) | क्र.0 | दिनाँक | निविदा | सिस्टम क्रमांक | लागत (रू लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05.11.2022 | 304 | 113831 | 130.21 | 37 | 15.11.2022 | 340 | 114175 | 142.05 |
| 2 | 05.11.2022 | 305 | 113832 | 159.34 | 38 | 15.11.2022 | 341 | 114160 | 102.61 |
| 3 | 05.11.2022 | 306 | 113833 | 361.89 | 39 | 15.11.2022 | 342 | 114680 | 136.05 |
| 4 | 05.11.2022 | 307 | 113834 | 199.84 | 40 | 15.11.2022 | 343 | 114698 | 116.98 |
| 5 | 05.11.2022 | 308 | 113835 | 73.65 | 41 | 15.11.2022 | 344 | 114739 | 90.97 |
| 6 | 05.11.2022 | 309 | 113836 | 107.25 | 42 | 15.11.2022 | 245 | 114757 | 129.67 |
| 7 | 05.11.2022 | 310 | 113837 | 83.37 | 43 | 15.11.2022 | 346 | 114765 | 176.25 |
| 8 | 05.11.2022 | 311 | 113838 | 144.16 | 44 | 15.11.2022 | 347 | 114998 | 318.19 |
| 9 | 05.11.2022 | 312 | 113839 | 54.35 | 45 | 16.11.2022 | 348 | 114972 | 245.75 |
| 10 | 05.11.2022 | 313 | 113840 | 316.17 | 46 | 16.11.2022 | 349 | 114977 | 209.26 |
| 11 | 05.11.2022 | 314 | 113841 | 283.07 | 47 | 16.11.2022 | 350 | 114983 | 163.63 |
| 12 | 05.11.2022 | 315 | 113842 | 155.19 | 48 | 16.11.2022 | 351 | 114901 | 190.46 |
| 13 | 05.11.2022 | 316 | 113843 | 50.1 | 49 | 17.11.2022 | 355 | 114995 | 108.94 |
| 14 | 05.11.2022 | 317 | 113844 | 55.6 | 50 | 17.11.2022 | 356 | 114996 | 147.95 |
| 15 | 05.11.2022 | 318 | 113922 | 83.14 | 51 | 17.11.2022 | 357 | 114998 | 81.26 |
| 16 | 05.11.2022 | 319 | 113926 | 159.96 | 52 | 17.11.2022 | 358 | 114999 | 150.51 |
| 17 | 05.11.2022 | 320 | 113928 | 88.33 | 53 | 17.11.2022 | 359 | 115002 | 121.78 |
| 18 | 10.11.2022 | 321 | 114174 | 194.45 | 54 | 17.11.2022 | 360 | 115004 | 78.69 |
| 19 | 10.11.2022 | 322 | 114178 | 261.46 | 55 | 17.11.2022 | 361 | 115010 | 81.92 |
| 20 | 10.11.2022 | 223 | 114297 | 91.75 | 56 | 17.11.2022 | 362 | 115011 | 80.27 |
| 21 | 14.11.2022 | 324 | 114398 | 292.99 | 57 | 17.11.2022 | 363 | 115012 | 80.27 |
| 22 | 14.11.2022 | 325 | 114415 | 44.62 | 58 | 17.11.2022 | 364 | 115014 | 166.89 |
| 23 | 12.11.2022 | 326 | 114417 | 113.42 | 59 | 17.11.2022 | 365 | 115020 | 81.9 |
| 24 | 12.11.2022 | 327 | 114166 | 237.45 | 60 | 17.11.2022 | 366 | 115025 | 46.74 |
| 25 | 12.11.2022 | 328 | 114164 | 90.08 | 61 | 17.11.2022 | 367 | 115026 | 189.24 |
| 26 | 12.11.2022 | 329 | 114165 | 65.29 | 62 | 17.11.2022 | 368 | 115032 | 189.24 |
| 27 | 12.11.2022 | 330 | 114172 | 119.75 | 63 | 17.11.2022 | 369 | 115038 | 307.89 |
| 28 | 12.11.2022 | 331 | 114163 | 185.85 | 64 | 17.11.2022 | 270 | 115042 | 214.86 |
| 29 | 12.11.2022 | 332 | 114162 | 38.8 | 65 | 17.11.2022 | 371 | 115046 | 322.77 |
| 30 | 12.11.2022 | 333 | 114158 | 73.8 | 66 | 17.11.2022 | 372 | 115050 | 170.61 |
| 31 | 12.11.2022 | 334 | 114157 | 179.18 | 67 | 17.11.2022 | 373 | 115059 | 187.52 |
| 32 | 15.11.2022 | 335 | 114581 | 122.53 | 68 | 21.11.2022 | 374 | 115139 | 88.03 |
| 33 | 15.11.2022 | 336 | 114598 | 144.7 | 69 | 21.11.2022 | 375 | 115140 | 48.76 |
| 34 | 15.11.2022 | 337 | 114156 | 224.93 | 70 | 21.11.2022 | 376 | 115142 | 120.1 |
| 35 | 15.11.2022 | 338 | 114679 | 224.56 | 71 | 21.11.2022 | 377 | 115144 | 228.13 |
| 36 | 15.11.2022 | 339 | 114171 | 129.61 | 72 | 22.11.2022 | 378 | 115330 | 243.98 |

बिड संबमिशन की अंतिम तिथि :- निविदा क्रं. 304, 305, 306, 307, 308, 309, 310, 311, 312, 313, 314, 315, 316, 317, 318, 319, 320, 321, 322, 323, 324, 325, 326, 327, 328, 329, 330, 331, 332, 333, 334, 335, 336, 337, 338, 339, 340, 341, 342, 343, 344, 345, 346, 347, 348, 349, 350, 351, 352, 353, 354, 355, 356, 357, 358, 359, 360, 361, 362, 363, 364, 365, 366, 367, 368, 369, 370, 371, 372, 373, 374, 375, 376, 377, एवं 378 की दिनाँक 11.12.2022 समय :- 17:30 बजे तक। उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंन्ट वेब पोर्टल में दिनाँक 20.12.2022 पर देखी जा सकती है।

जी नंबर -96598/2

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर

# मोरक्को रचेगा इतिहास या डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस बचाए रखेगा लाज

» फीफा विश्व कप 2022 में दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आज होना है

» इस मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस और मोरक्को की टीम आपस में भिड़ेंगी

» मोरक्को इस टूर्नामेंट में दमदार और मजबूत टीम बनकर उभरी है

» फ्रांस और मोरक्को दोनों ही आपस में खास रिलेशनशिप भी शेयर करते हैं




**कतर,14 दिसम्बर 2022।** फीफा वर्ल्ड कप 2022 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस मोरक्को से भिड़ेगा। दोनों ही देश आपस में एक जटिल रिश्ता रखते है। फ्रांस का किसी समय पर मोरक्को पर कब्जा था। फ्रांस ने 1912 से 1956 तक मोरक्को के अधिकतर इलाके पर शासन किया है। यही कारण है कि मोरक्को के समाज और यहां की राजनीति में फ्रांसीसी छाप महसूस हो सकती है। दोनों देशों के बीच संबंध काफी शांत रहते है। वहीं इस मुकाबले से साफ है कि मोरक्को ने नवउपनिवेशवाद के खिलाफ प्रतीकात्मक जीत दर्ज कर ली है। मोरक्को अफ्रीका के उत्तर पश्चिमी किनारे पर सहारा रेगिस्तान के पश्चिमी छोर पर बसा एक पहाड़ी देश है। मोरक्को के पश्चिम दिशा में अटलांटिक महासार है जबकि उत्तर में भूमध्य सागर है। एटलस पर्वत अपनी लंबाई के कारण चलते है। मोरक्को की टीम एटलस लायंस भी कहलाती है। मोरक्को की संस्कृति में अरब, हिस्पैनिक और फ्रेंच की संस्कृति की छाप देखने को मिलती है।

### ऐसा है दोनों के बीच आंकड़ा

फ्रांस और मोरक्को की टीम अब तक 11 बार एक दूसरे से भिड़ी है। इन मुकाबलों में फ्रांस की टीम ने सात बार जीत हासिल की है जबकि मोरक्को सिर्फ एक बार चैंपियन टीम को मात देने में सक्षम हुई है। अन्य तीन मुकाबले ड्रॉ रहे है। हालांकि ये पहला मौका है जब फ्रांस और मोरक्को फीफा विश्व कप में आमने सामने होंगी।

### मोरक्को का ऐसा रहा सफर

इस टूर्नामेंट में इस बार मोरक्को की टीम का प्रदर्शन काफी शानदार रहा है। मोरक्को इस टूर्नामेंट में बड़ी बड़ी टीमों को हराकर अपना सफर तय करती आई है। राउंड ऑफ 16 में स्पेन को हराया और टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया है। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मोरक्को की टीम ने रोनाल्डो जैसे दिग्गज खिलाड़ी के नेतृत्व वाली टीम पोर्तगाल को भी मात दी थी। जानकारों के मुताबिक मोरक्को की टीम ने डिफेंस में मजबूती से अपना खेल दिखाया है। विश्व कप के दौरान टीम के गोलकीपर बोनो ने दमदार खेल दिखाया है।

### फ्रांस के लिए ऐसा रहा टूर्नामेंट

विश्व कप के लिए डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस फिर से मजबूत दावेदार मानी जा रही है। इस टूर्नामेंट में फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर कीलियन एम्बाप्पे पांच गोल कर गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे ऊपर हैं। मोरक्को को फ्रांस की टीम से कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। वहीं फ्रांस के सेंटर बैक रेफल वराने का कहना है कि हमारी टीम विरोधी को किसी तरह से हल्के में नहीं लेगी। मोरक्को शानदार टीम है जिससे भिड़ने के लिए हम पूरी तरह से तैयार है।

### फ्रांसीसी राष्ट्रपति देखेंगे सेमीफाइनल

माना जा रहा है कि फ्रांस के राष्ट्रति एमैन्युअल मैकरोन सेमीफाइनल मुकाबला देखने के लिए कतर के अल बायत स्टेडियम जा सकते है। मैकरोन यहां फ्रांस की टीम का उत्साहवर्धन करने आएंगे। इस मुकाबले के लिए मोरक्को और फ्रांस दोनों ही टीमों के समर्थक स्टेडियम में अपनी टीमों को चीयर करने पहुंचेंगे।

# पेले और माराडोना की जमात में शामिल होने से एक जीत दूर मेस्सी

**नयी दिल्ली ,14 दिसम्बर 2022।** फुटबॉल का महासमर, पहले कदम पर मिली हार लेकिन हार नहीं मानने का जज्बा और सपना पूरा करने का जुनून। वह सपना जो लियोनेल मेस्सी पिछ्ले दो दशक से देख रहे हैं और अब कैरियर के आखिरी पड़ाव पर उसे पूरा करने के लिये बस एक आखिरी तिलिस्म तोड़ना है। मात्र 11 बरस की उम्र में ग्रोथ हार्मोन की कमी (जीएचडी) जैसी बीमारी से जूझने से लेकर दुनिया के महानतम फुटबॉलरों में शामिल होने तक मेस्सी का सफर जुनून, जुझारूपन और जिजीविषा की अनूठी कहानी है और रविवार को फाइनल में अगर वह टीम को खिताब दिला पाते हैं तो फुटबॉल के इतिहास की जीवित किवदंती बन जायेंगे।

रविवार को फ्रांस या मोरक्को को हराकर अर्जेंटीना अगर विश्व कप जीत लेता है तो मेस्सी का नाम पेले और डिएगो माराडोना जैसे महानतम खिलाड़ियों की सूची में दर्ज हो जायेगा। इस बहस पर भी विराम लग जायेगा कि माराडोना और मेस्सी में से कौन महानतम है। देश के लिये खिताब नहीं जीत पाने के मेस्सी के हर घाव पर भी मरहम लग जायेगा। सात बार बलोन डिओर, रिकॉर्ड छह बार यूरोपीय गोल्डन शूज, बार्सीलोना के साथ रिकॉर्ड 35 खिताब, ला लिगा में 474 गोल , एक क्लब (बार्सीलोना) के लिये सर्वाधिक 672 गोल कर चुके मेस्सी को विश्व कप नहीं जीत पाने की टीस हमेशा से रही है। उन्हें पता है कि यह उनके पास आखिरी मौका है और इसे यादगार बनाने में वह कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। अर्जेंटीना ने जब आखिरी बार 1986 में विश्व कप जीता तब माराडोना देश के लिये खुदा बन गए। उनके आसपास पहुंचने वाले सिर्फ मेस्सी थे लेकिन विश्व कप नहीं जीत पाने से उनकी महानता पर ऊंगलियां गाहे बगाहे उठती रहीं। ऊंगली तब भी उठी जब 2014 में फाइनल में जर्मनी ने अर्जेंटीना को एक गोल से हरा दिया था। सवाल तब भी उठे जब इस विश्व कप के पहले ही मैच में सउदी अरब ने मेस्सी की टीम पर अप्रत्याशित जीत दर्ज की। उस हार ने मानो अर्जेंटीना और मेस्सी के लिये किसी संजीवनी का काम किया। मैच दर मैच दोनों के प्रदर्शन



में निखार आता गया और पिछली उपविजेता क्रोएशिया को एकतरफा सेमीमुकाबले में हराकर वह फुटबॉल के सबसे बड़े समर के फाइनल में पहुंच गए।

इस जीत के सूत्रधार भी मेस्सी ही रहे जिन्होंने 34वें मिनट में पेनल्टी पर पहला गोल दागा और फिर जूलियर अलकारेज के दोनों गोल में सूत्रधार की भूमिका निभाई। आर्थिक अस्थिरता से जूझ रहे अपने देशवासियों के लिये मसीहा बन गए मेस्सी और पूरे अर्जेंटीना को जीत के जश्न में सराबोर कर दिया। मेस्सी का विश्व कप का सफर 2006 में शुरू हुआ और अब तक वह सबसे ज्यादा 25 मैच खेल चुके हैं। विश्व कप के इतिहास में अर्जेंटीना के लिये सर्वाधिक 11 गोल कर चुके हैं। उम्र को धता बताकर इस विश्व कप में चार गोल, दो में सूत्रधार की भूमिका निभाने के बाद तीन 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' के पुरस्कार जीत चुके हैं। रोसारियो में 1987 में एक फुटबॉल प्रेमी परिवार में जन्मे मेस्सी ने पहली बार घर के आंगन में अपने भाइयों के साथ जब फुटबॉल खेला तो किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि एक दिन दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में उनका नाम शुमार होगा।

बार्सीलोना के लिये लगभग सारे खिताब जीत चुके पेरिस सेंट जर्मेन के इस स्टार स्ट्राइकर ने 2004 में बार्सीलोना के साथ अपने क्लब कैरियर की शुरूआत 17 वर्ष की उम्र में की। उन्होंने 22 वर्ष की उम्र में पहला बलोन डिओर जीता। अगस्त 2021 में बार्सीलोना से विदा लेने से पहले वह क्लब फुटबॉल के लगभग तमाम रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके थे। मेस्सी ने विश्व कप में पदार्पण 2006 में जर्मनी में सर्बिया और मोंटेनीग्रो के खिलाफ ग्रुप मैच में किया जिसे देखने के लिये माराडोना भी मैदान में मौजूद थे। 18 वर्ष के मेस्सी 75वें मिनट में सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान पर उतरे थे। बीजिंग ओलंपिक 2008 में अर्जेंटीना ने फुटबॉल का स्वर्ण पदक जीता तो 2010 विश्व कप में मेस्सी से अपेक्षायें बढ़ गई। अर्जेंटीना को क्वार्टर फाइनल में जर्मनी ने हराया और पांच मैचों में मेस्सी एक भी गोल नहीं कर सके। चार साल बाद ब्राजील में अकेले दम पर टीम को फाइनल में ले जाने वाले मेस्सी अपने आंसू नहीं रोक सके जब उनकी टीम एक गोल से हार गई। इसके बाद 2018 में रूस में पहले नॉकआउट मैच में अर्जेंटीना को फ्रांस ने 4 . 3 से हरा दिया और तीन में से दो गोल मेस्सी के नाम थे। पिछले चार साल में इस महान खिलाड़ी ने एक ही सपना देखा ...विश्व कप जीतने का। क्वार्टर फाइनल में मिली जीत के बाद खुद मेस्सी ने कहा था ,''डिएगो आसमान से हमें देख रहे हैं और विश्व कप जीतने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। उम्मीद है कि आखिरी मैच तक वह ऐसा ही करते रहेंगे।'' माराडोना के करिश्मे को फिर दोहराने के लिये मेस्सी के पास रविवार का फाइनल है जिसका इंतजार अर्जेंटीना के साथ पूरी दुनिया को है।



# रणजी के डेब्यू मुकाबले में अर्जुन तेंदुलकर ने किया कमाल

## शतक जड़ पिता के रिकॉर्ड की बराबरी की

**नयी दिल्ली ,14 दिसम्बर 2022।** अर्जुन तेंदुलकर भारत के उभरते क्रिकेट खिलाड़ी हैं। पिछले कई सालों से वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस की टीम में रहते हैं। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहता है। इन सब के बीच अपने डेब्यू रणजी मुकाबले में ही अर्जुन तेंदुलकर ने शानदार शतक ठोका है। उनका यह शतक राजस्थान के खिलाफ आया है। मैच के पहले ही पारी में अर्जुन तेंदुलकर ने धमाकेदार बल्लेबाजी की। अर्जुन तेंदुलकर ने 52 गेंदों में अपनी हाफ सेंचुरी पूरी की। वहीं, 178 गेंद में शतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने 12 चौके और 2 छक्के भी जड़े हैं। इसके साथ ही उन्होंने सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर ली। आपको बता दें कि अर्जुन तेंदुलकर सचिन तेंदुलकर के बेटे भी हैं।

अर्जुन तेंदुलकर पहले मुंबई टीम के हिस्सा रहे हैं। हालांकि उन्होंने गोवा टीम में शामिल होना सही समझा। गोवा में उन्हें पहले ही मुकाबले में खेलने का मौका भी मिल गया। अर्जुन तेंदुलकर 5 विकेट गिरने के बाद मैदान में उतरे थे। इसके बाद धीरे-धीरे उन्होंने अपने बल्लेबाजी में दम दिखाया। अर्जुन तेंदुलकर ने अपनी हाफ सेंचुरी काफी जल्दी पूरा कर लिया। बाद में वह परिस्थितियों के हिसाब से खेलने लगे। रणजी के अपने डेब्यू मुकाबले में सचिन तेंदुलकर ने भी शतक बनाया था। सचिन तेंदुलकर ने यह कारनामा 11 दिसंबर 1988 को किया था। सचिन के अलावा रोहित शर्मा, पृथ्वी शॉ, यस धूल, अमोल मजूमदार, प्रियम गर्ग के नाम भी रिकॉर्ड है। अब इसमें अर्जुन तेंदुलकर का भी नाम शामिल हो गया है।

सचिन तेंदुलकर ने रणजी में अपना डेब्यू संेचुरी 15 साल 231 दिन की उम्र में लगाया था। अर्जुन तेंदुलकर ने यह कारनामा 23 साल 81 दिन की उम्र में किया है। अर्जुन तेंदुलकर ऑलराउंडर हैं। वह अच्छी बल्लेबाजी के साथ-साथ अच्छी गेंदबाजी भी करते हैं। अर्जुन तेंदुलकर को मुंबई की ओर से रणजी में खेलने का मौका नहीं मिल पाया। इसके बाद उन्होंने गोवा में शिफ्ट होने का फैसला किया। वहीं, आईपीएल में भी अर्जुन पिछले तीन सीजन से मुंबई इंडियंस के साथ जुड़े हुए हैं। लेकिन अब तक उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला है। ऐसे में फैंस को इस बात की उम्मीद है कि अर्जुन तेंदुलकर को इस बार मुंबई इंडियंस की ओर से खेलने का मौका मिलेगा।



# दोहरा शतक लगाने वाले ईशान किशन ने लगाई 117 पायदान की छलांग

### कोहली भी 8वें स्थान पर पहुंचे

**दुबई ,14 दिसम्बर 2022।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से आज एकदिवसीय क्रिकेट के नवीनतम रैंकिंग जारी कर दी गई है। इसमें हाल में ही दोहरा शतक लगाने वाले भारत के युवा सलामी बल्लेबाज ईशान किशन को जबरदस्त फायदा हुआ है। ईशान किशन 117 पायदान की छलांग लगाते हुए सीधे 37वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, विराट कोहली ने भी बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में शतक लगाया था। इससे उनकी रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। पिछले 3 से ज्यादा साल में विराट कोहली को रैंकिंग में फायदा मिला है। बांग्लादेश के खिलाफ विराट कोहली ने 91 गेंद में 113 रनों की पारी खेली थी। 2019 के बाद विराट कोहली के बल्ले से 50 ओवर के प्रारूप में उनका पहला शतक था। दूसरी ओर ईशान किशन के बात करें तो उन्होंने 131 गेंदों में 210 रनों की रिकॉर्ड तोड़ पारी खेली थी।

भारत की ओर से श्रेयस अय्यर की भी रैंकिंग में सुधार हुआ है। श्रेयस अय्यर 5 स्थानों के सुधार के साथ ही 15वें पायदान पर पहुंच गए हैं। श्रेयस अय्यर ने बांग्लादेश के खिलाफ शुरुआती दो मुकाबलों में अच्छी बल्लेबाजी की थी। गेंदबाजी में बात करें तो मोहम्मद सिराज को चार पायदान का फायदा हुआ है। वह एकदिवसीय रैंकिंग में 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के स्पिन आल राउंडर शाकिब अल हसन एक पायदान के लाभ से आठवें स्थान पर पहुंच गये। आल राउंडर सूची में बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज तीन पायदान के फायदे से तीसरे नंबर पर पहुंचे। टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में तीन शतकीय पारियों की बदौलत करियर के सर्वश्रेष्ठ 937 रेटिंग अंक से शीर्ष स्थान मजबूत किया। उन्होंने पिछले हफ्ते पर्थ में पहले मैच के दौरान एक ही टेस्ट में एक दोहरा शतक और एक सैकड़ा जड़ा था।

लाबुशेन ने अब दूसरे स्थान पर काबिज स्टीव स्मिथ पर 62 रेटिंग अंक की बढ़त बनायी हुई है। वह सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल करने वाले खिलाड़ियों के मामले में कोहली के साथ संयुक्त 11वें स्थान पर बने हुए हैं जिसमें आस्ट्रेलियाई महान डॉन ब्रैडमैन 961 रेटिंग अंक से शीर्ष पर थे। स्मिथ इस सूची में 961 अंक लेकर दूसरे स्थान पर हैं जबकि रिकी पोंटिंग (942 रेटिंग अंक) शीर्ष 10 में शामिल तीसरे आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। ट्रेविस हेड 175 और नाबाद 38 रन की पारी से वेस्टइंडीज पर 419 रन की रिकॉर्ड जीत दर्ज कराने में मदद से शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रहे जिससे उनकी टीम ने डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। हेड छह पायदान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंच गये जिससे उन्होंने रोहित शर्मा (10वें) और कोहली (12वें) की भारतीय जोड़ी को पीछे छोड़ा।

# संजय लीला भंसाली की हीरा मंडी में जैकी श्रॉफ,पहले देवदास में मिलाया था हाथ

आलिया भट्ट की गंगूबाई काठियावाड़ी की शूटिंग खत्म करने के कुछ समय बाद ही संजय लीला भंसाली ने नेटफ्लिक्स के साथ वेब सीरीज हीरा मंडी की घोषणा की थी। इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला और अदिति राव हैदरी मुख्य भूमिका में दिखेंगी। शो की अन्य स्टारकास्ट को लेकर तरह-तरह के अपडेट्स आ चुके हैं। हालिया रिपोर्ट के अनुसार शो में जैकी श्रॉफ की एंट्री हुई है। इससे पहले जैकी और भंसाली ने देवदास में साथ काम किया था।

रिपोर्ट के अनुसार हीरा मंडी में जैकी श्रॉफ की एंट्री हुई है। दोनों ने पिछली बार 2002 में फिल्म देवदास के लिए हाथ मिलाया था। यह देखना दिलचस्प होगा कि 20 साल बाद दोनों की केमिस्ट्री क्या कमाल दिखाती है। देवदास में जैकी ने चुन्नी बाबू की भूमिका निभाई थी। यह बॉलीवुड का यादगार किरदार है, जिसमें जैकी के अभिनय की आज भी तारीफ होती है। हीरा मंडी में जैकी के किरदार पर जानकारी नहीं दी





गई है। हीरा मंडी की स्टारकास्ट को लेकर कई तरह के अपडेट्स आ चुके हैं। सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा और हुमा कुरैशी सेक्स वर्कर की भूमिका में दिखेंगी। इसमें मनीषा कोइराला और ऋचा चड्ढा भी दिखने वाली हैं। संजीदा शेख और जयती भाटिया इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। चर्चा है कि अभिनेता फरदीन खान भी इस शो से अभिनय में अपनी वापसी करने जा रहे हैं। जूही चावला के भी शो से जुड़ने की खबरें आई थीं। संजय लीला भंसाली अपनी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए ऑस्कर कैंपेन शुरू करने जा रहे हैं। अलग-अलग श्रेणियों में इसके नॉमिनेशन के लिए दावेदारी पेश करेंगे। बीएएफटीए में फिल्म का कैंपेन पहले ही शुरू हो चुका है। हीरा मंडी पाकिस्तान के सबसे पुराने रेड लाइट एरिया के रूप में जाना जाता है। सीरीज भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान वेश्याओं और उनके अमीर ग्राहकों के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है।



# ये क्या लव बाइट है बर्थ मार्क को लेकर ट्रोल हुईं शहनाज गिल

बिग बॉस 13 से लोगों के दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस शहनाज गिल सोशल मीडिया पर अपना कहर बरपाए रहती हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। शहनाज अपने ग्लैमरस अंदाज और बोल्डनेस से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए रहती हैं। वहीं, एक्ट्रेस का लेटेस्ट फोटोशूट ट्रोलर्स के निशाने पर आ गया है। देखिए आखिर क्यों ट्रोलर्स शहनाज गिल को ट्रोल कर रहे हैं। एक्ट्रेस शहनाज गिल ब्लू कलर की ऑफ शोल्डर ड्रेस में बेहद ही हॉट एंड बोल्ड नजर आ रही हैं। शहनाज गिल इस मर्मेड लुक में बेहद ही कातिलाना लग रही हैं। शहनाज गिल के इस आउटफिट को लेकर ट्रोलर्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। उनके ब्रेस्ट पर नजर आ रहे बर्थ मार्क को ट्रोलर लव बाइट बता रहे हैं। ऑफ शोल्डर आउटफिट में शहनाज गिल काफी हॉट लग रही हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। शहनाज गिल को पंजाब की कैटरीना कैफ भी कहा जाता है। उनकी ग्लैमरस अदाओं पर फैंस अपना दिल वार देते हैं। एक्ट्रेस शहनाज गिल को बिग बॉस सीजन 13 से घर घर पहचान मिली। साथ ही वो पॉपुलर सेलेब्स में से एक हैं। एक्ट्रेस शहनाज गिल अपने चैट शो देशी वाइब्स विद शहनाज गिल को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। शहनाज गिल सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। इंस्टाग्राम पर भी एक्ट्रेस शहनाज गिल के 13.3 मिलियन फॉलोवर्स हैं।












# आरक्षण और वंदे भारत पर सीएम भूपेश के बयान पर अजय का पलटवार

» सीएम ने कहा अजय चंद्राकर का विधानसभा का बयान निकालकर देख लें

» वे आरक्षण के विरोधी हैं, केंद्र में जनप्रतिनिधियों का अपमान होता हैं,

» मैने तो चीफ सेक्रेटरी को चिट्ठी लिख दी थी,

» अजय बोले बोले जैसा बोयेंगे वैसा काटेंगे,

» केंद्र छग.को सौगात दे रही धन्यवाद दें सीएम





रायपुर,14 दिसम्बर 2022(ए)। भूपेश बघेल और पूर्व मंत्री तथा बीजेपी के मुख्य प्रवक्ता अजय चद्राकर के बीच 48 घंटे से वाकयुद्ध सा छिड़ गया है। कभी मिडिया तो कभी सोशल मिडिया में अजय राज्य सरका के कामकाज, आरक्षण और वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ पर आमंत्रित नहीं किये जाने को लेकर बयान जारी किया है। तो सीएम भूपेश बघेल भी बीजेपी और अजय चंद्राकर को आदिवासी आरक्षण विरोधी बताया है। सीएम ने पूर्व मंत्री पर आरोप लगते हुए कहा है कि आरक्षण का भरे सदन में अजय चंद्राकर विरोध कर चुके हैं। वहीं वंदे भारत एक्सप्रेस के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री को आमंत्रित नहीं किए जाने वाले बयान में सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि- केंद्र में जनप्रतिनिधियों का अपमन होता हैं, मैने तो चीफ सेक्रेटरी को चिट्ठी लिख दी थी कि मुझे किसी कार्यक्रम में न बुलाया जाए। भाजपा पर आरक्षण विरोधी होने का आरोप भी मुख्यमंत्री ने भाजपा को आरक्षण का विरोधी भी बताया।

उन्होंने कहा, अजय चंद्राकर का विधानसभा का बयान निकालकर देख लें। वे आरक्षण के विरोधी हैं। उन्होंने विधानसभा में कहा था, मैं पार्टी से बंधा हुआ हूं लेकिन व्यक्तिगत तौर पर मैं आरक्षण का विरोधी है। यही हाल भाजपा के हर नेता का है। वे आरक्षण के विरोधी हैं चाहे 32प्रतिशत आदिवासियों को देने की बात हो या 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग को हो, या फिर 13 प्रतिशत अनुसूचित जाति का या 4त्न सामान्य वर्ग का। यह आरक्षण देने के लिए वे बिल्कुल तैयार नहीं हैं।

मुख्यमंत्री के बयान का भाजपा प्रवक्ता चंद्राकर ने जवाब दिया है। मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने वंदे भारत एक्सप्रेस के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आमंत्रित नहीं करने वाले बयान पर कहा ङ्क केंद्र सरकार छग को सभी प्रकार की सौगात दे रही है। मुख्यमंत्री ने एक बार भी किसी काम के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद नहीं दिया। वे बताये की वन्दे के समर्थन में है कि वंदे भारत के। पहले यह स्पष्ट करें, मुख्यमंत्री डबल गेम वाली राजनीति न करें। श्री चंद्राकर ने कहा-केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ को सब दे रही हैं, पर आज तक मुख्यमंत्री ने थैंक्यू का कोई शब्द नहीं कहा। केन्द्र के बारे में उन्हें बात करने का कोई अधिकार नहीं है। वह हमारा अधिकार है। उन्होंने कहा-मुख्यमंत्री रोज केंद्र सरकार का अपमान करते हैं। श्री चंद्राकर ने कहा-जैसा बोयेंगे वैसा काटेंगे।



## सौम्या चौरसिया 19 दिसंबर तक न्यायिक रिमांड में भेजी गईं जेल

रायपुर,14 दिसम्बर 2022(ए)। ईडी द्वारा कई दिनों से प्रदेश में लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसमें सीएम सचिवालय की डिप्टी सेक्रेटरी सौम्या चौरसिया का भी नाम शामिल है । जो की पिछले लगभग 14 दिनों से ई डी की हिरासत में है।

पूरे मामले में आज फिर एक बार सौम्या चौरसिया को कोर्ट में पेश किया गया जहां पुलिस रिमांड की अवधि खत्म होने पर बुधवार को कोर्ट में उन्हें पेश किया गया । यहां ईडी की ओर से और रिमांड की मांग नहीं की गई जिसके बाद कोर्ट ने 5 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजने के आदेश दे दिए हैं।

बता दें कि ईडी ने सौम्य चौरसिया को 2 दिसंबर को गिरफ्तार कर स्पेशल जज अजय सिंह राजपूत की अदालत में पेश किया था इसके बाद पहले 5 दिन फिर 4 दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई बुधवार को 4 दिन की रिमांड अवधि खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया गया।

अब मनी लॉन्ड्रिंग और कॉल परिवहन में कथित ₹25 प्रति टन अवैध लेवी के मामले में पांच आरोपी जेल जा चुके हैं। इनमें समीर विश्नोई, तिवारी सूर्यकांत, लक्ष्मीकांत तिवारी और कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल शामिल है। सौम्य चौरसिया के वकील मनिंदर सिंह ने बताया की कोर्ट ने 5 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है 19 दिसंबर को कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा। ईडी ने कहा की अब मैडम से पूछताछ नहीं करनी है।

## बिलासपुर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या



बिलासपुर ,14 दिसम्बर 2022(ए)। जिले के सकरी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले हाइवे पर हुई गोलीबारी से हड़कंप मच गया। यहां कुछ युवकों ने कार पर सवार होकर जा रहे बिलासपुर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजू त्रिपाठी को रोका और उनके ऊपर अंधाधुंध फायरिंग की। संजू की मौके पर ही मौत हो गई। संजू त्रिपाठी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जय नारायण त्रिपाठी के पुत्र है।

यह घटना लगभग 4 बजे घटी, जिसके बाद यहाँ लोगों का हुजूम एकत्र हो गया, वही पुलिस ने भी मौके पर पहुँच कर घटना का जायजा लिया और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

एक दिसंबर को ही अपना जन्मदिन मनाया था संजू ने सोशल साइट फेसबुक पर नजर डालें तो जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजू त्रिपाठी ने 1 दिसंबर को ही अपना जन्मदिन मनाया था। जिसमे उसके जन्मदिन पर शुभचिंतकों की बधाइयों की भरमार है। कोई उसे कुदुदंड का किंग बता रहा है तो कोई उसे अपना रहनुमा। अधिकांश फोटोग्राफ में वह अपने दो बेटों के साथ नजर आता है।

### ब्रेकर पर मौत कर रही थी इंतजार

वैसे संजू त्रिपाठी का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके ऊपर हत्या और हत्या के प्रयास के मामले भी दर्ज हैं। संजू त्रिपाठी के ऊपर हाल ही में सिविल लाइन थाना में संपति विवाद पर अपने छोटे भाई कपिल त्रिपाठी पर जानलेवा हमला करने के विवाद में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ था। जिसमे वह फरार था फिर उसे अग्रिम जमानत मिल गयी थी। संजू त्रिपाठी अपने सकरी के आगे काठाकोनी स्थित फॉर्म हाउस गया हुआ था। वहां से वापस लौटते वक्त सकरी बाई पास में सकरी चौक पर ओवर ब्रिज के नीचे ब्रेकर में जैसे ही कार पहुंची दो कार में आये हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। वे एक इनोवा व एक स्विफ्ट में सवार थे तथा उनकी गाड़ी के नम्बर प्लेट में मिट्टी लगी हुई थी। ब्रेकर के दोनो ओर हमलावर संजू का इंतजार कर रहे थे, उन्हें संजू के वापसी की जानकारी थी। जैसे ही ब्रेकर में कार की रफ्तार कम हुई, वैसे ही सड़क के दोनो ओर से हमलावरों ने गोली चलानी शुरू कर दी। कार के दोनो तरफ से ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गई। दोनो तरफ से कांच के शीशे टूटे हुए हैं। संजू के सर में तीन गोलियां व पसली में दो गोली लगी थी। वहीं घटनास्थल के आस पास से पुलिस को गोलियों के 9 खोखे मिले हैं। संजू त्रिपाठी के बारे में पुलिस ने एक महत्वपूर्ण जानकारी यह दी है कि वर्तमान में संजू का कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है।


# बिजली की दरों में नहीं होगी बढ़ोत्तरी

**सीएसईबी की पॉवर कंपनी ने नियामक आयोग में जमा किया टैरिफ प्लान**

रायपुर,14 दिसम्बर 2022(ए)। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी आगामी चुनावी वर्ष में बिजली की दरें नहीं बढ़ाएगा। कंपनी ने बिजली नियामक आयोग में इस बार 2023-24 के लिए बिजली की प्रति युनिट दरों के लिए याचिका दायर की है। जिसमें टैरिफ में किसी भी तरह का बदलाव न करने का उल्लेख है।

### दरें नहीं बढ़ाने की ये है वजह

नियामक आयोग में जमा टैरिफ प्लान में पॉवर कंपनी ने उल्लेख किया है कि अगले साल 63 लाख उपभोक्ताओं को बिजली दी जाएगी।बिजली आपूर्ति करने के लिए औसत 3.71 रुपए की दर से 4083 करोड़ यूनिट बिजली की खरीदी की जाएगी। इसकी अनुमानित लागत 15179 करोड़ होगी। इसी के साथ यह बताया गया है कि 2021-22 के राजस्व की अंतर की राशि और अनुमानित खर्च 15581 करोड़ को अनुमानित राजस्व में शामिल करने पर बिजली आपूर्ति की दर चालू वित्तीय वर्ष की तरह 6.22 रुपए आ रही है। ऐसे में बिजली के टैरिफ में कोई भी बदलाव करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



गौरतलब है कि पॉवर कंपनी हर साल दिसंबर में बिजली नियामक आयोग को आगामी साल के खर्च और कमाई का पूरा लेखा-जोखा देकर याचिका लगाती है। इसके आधार पर ही आयोग जनसुनवाई करने के बाद तय करता है कि बिजली की कीमत में कितना इजाफा होगा और टैरिफ क्या होगा।

### सुरक्षा निधि की वसूली बंद की सीएसईबी ने

जानकारी यह भी है कि पॉवर कंपनी ने इस महीने से सुरक्षा निधि की उपभोक्ताओं से वसूली बंद कर दी है। इसे लेकर पिछले महीनों में काफी विरोध हुआ था। कंपनी ने कहा था कि इसकी वसूली और दर तय करने वह नियामक आयोग से मार्गदर्शन लेगा। इस बीच पिछले माह जिन्होंने 2000 रूपए का बिल पटाया था वह इस माह 352 रूपए ही आया है। समझा जा रहा कि पॉवर कंपनी ने सुरक्षा निधि की वसूली रोक दी है।

# भूपेश ने क्यों कहा राज्यपाल तो भोली महिला हैं,आदिवासी हैं,निश्छल हैं

**उन्होंने कहा था कि जैसे ही विधेयक आएगा हस्ताक्षर कर देंगी,बीजेपी के लोग उनपर दबाव बनाए हुए हैं**

रायपुर,14 दिसम्बर 2022(ए)। राज्य में आरक्षण पर राजनीति अभी समाप्त नहीं हुई है। इस संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जारी अपने एक बयान में कहा है कि, भाजपा के लोग आरक्षण विरोधी हैं, ये लोग चाहते ही नहीं कि आरक्षण मिले। राज्यपाल तो भोली महिला हैं, आदिवासी हैं, निश्छल हैं।

उन्होंने कहा था कि जैसे ही विधेयक आएगा हस्ताक्षर कर देंगी। अब तक उन्होंने हस्ताक्षर नहीं किया है। स्पष्ट है कि भाजपा के लोग उन पर दबाव बनाए हुए हैं। इसलिए अब वें आरक्षण विधेयक पर किंतु-परंतु कर रही हैं,



उन्हें तत्काल आरक्षण संशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा-आरक्षण किसी एक वर्ग के लिए नहीं सभी वर्गों के लिए होता है। प्रदेश के लोगों को आरक्षण का लाभ मिलना ही चाहिए। भाजपा ने प्रदेश की जनता के साथ मजाक बनाकर रख दिया है। हमारी सरकार ने पिछले 4 सालों में हर वर्ग के विकास के लिए काम किए है। भाजपा के 15 सालों में एक चाउंर वाले बाबा मिले थे, उन्होंने नान घोटाला कर दिया। हमारी सरकार में अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव आया । हमारी नीतियों से हर वर्ग को आर्थिक लाभ हो रहा है। संकट के दौर में भी हमारी सरकार ने सभी वर्गों का ध्यान रखा। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि समेत तमाम क्षेत्रों में काम किए गए है।

## दुर्ग जिले में पंचायत उपचुनाव के तारीखों का ऐलान




दुर्ग ,14 दिसम्बर 2022(ए)। प्रदेश के दुर्ग जिले में पंचायत उपचुनाव के तारीखों का ऐलान हो गया है। चुनाव आयोग ने अगले महीने जनवरी में पंचायत उपचुनाव की घोषणा की है। बता दे की 9 जनवरी को मतदान होगा और वहीं उसका परिणाम 12 जनवरी को आ जायेंगे। इससे पहले 16 दिसंबर से चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत हो जाएगी। जिसमें जिला,सरपंच,जनपद और पंच के रिक्त पदों पर चुनाव होंगे। परिणामों की घोषणा जिला पंचायत के सभागार में होंगे।

## बाल आयोग अध्यक्ष के परिजनों पर लूट और बलवा का मामला दर्ज

**पूर्व सीएमएचओ के परिवाद पर कोर्ट के आदेश से हुआ एफआईआर**

राजनांदगांव ,14 दिसम्बर 2022(ए)। बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तेजकुंवर नेताम के नजदीकी रिश्तेदारों पर कोर्ट के आदेश के बाद डकैती-बलवा की धाराओं के तहत मामला दर्ज हुआ है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के अंबागढ़ चौकी थाने को कोर्ट ने आधा दर्जन लोगों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध करने का निर्देश दिया है।

### पैतृक संपत्ति से जुड़ा है मामला

तत्कालीन सीएमएचओ डॉ. आर एन नेताम ने परिवादी के तौर पर अदालत में याचिका दायर की थी। जिसकी सुनवाई करते हुए न्यायाधीश दुलार सिंह ने अंबागढ़ चौकी पुलिस को प्रथम सूचना के अधिकार पर रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि तेजकुंवर नेताम के परिजनों के संग डॉ. नेताम की रिश्तेदारी है। करीब सालभर पहले परिवादी डॉ. नेताम के कब्जे की भूमि पर तोडफोड़ करने के इरादे से यादराम गोंड़ के साथ ट्रेक्टर में सवार होकर आरोपी पहुंचे थे। घटना 10 जून 2021 की है।

### इस वजह से लेनी पड़ी अदालत की शरण

परिवादी ने इस मामले में पुलिस में शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोपियों ने सालभर पहले लाठी-



डंडों से लैस होकर घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की थी, जिससे घर की संपत्ति को काफी नुकसान हुआ। आरोपियों ने गाली-गलौज की और 50 हजार कीमत के सामान भी अपने साथ ले गए। इस पूरे मामले को लेकर रिटायर्ड सीएमएचओ ने पुलिस के आला अफसरों से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

परिवादी का आरोप है कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तेजकुंवर नेताम और पूर्व उप मंत्री गोवर्धन नेताम के रिश्तेदार होने के कारण आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पूर्व ष्टरूाह्र ने न्यायालय का रूख किया और उन्होंने परिवाद दायर कर कार्रवाई की अपील की। अदालत के निर्देश पर रामखिलावन नेताम, सुनीताबाई इंदिराबाई नेताम, नम्रता नेताम, तिलकराम धावले, दशरीबाई तथा हेमुलाल गोंड के विरूद्ध पुलिस ने बलवा, लूट की धाराओं के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## विधायक और महापौर ने स्ट्रीट वेंडर्स के खिलाफ रुकवाई निगम की कार्रवाई




### पर्याप्त व्यवस्था होने पर हटेंगे ठेले

रायपुर,14 दिसम्बर 2022 (ए)। तेलीबांधा में नगर निगम के अधिकारियों के निर्देश पर निगम अमला पूरे दल-बल के साथ चौपाटी के समीप ठेला व गुमटी लगाकर अपने व अपने परिवार का जीवन यापन करने वाले स्ट्रीट को हटाने पहुंचे। जिसकी जानकारी मिलते ही रायपुर उत्तर के विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा ,महापौर एजाज ढेबर एवं पार्षद आकाश तिवारी ने तत्काल तेलीबांधा पहुंच कर निगम अधिकारियों द्वारा की जा रही कार्रवाई को रुकवाया। ठेला व गुमटी लगाकर दो वक्त की रोटी कमाने वाले लगभग 40 स्ट्रीट वेंडर्स की पीड़ा को देखते हुए विधायक और महापौर ने खुद आगे आकर कार्रवाई को रुकवाया और स्ट्रीट वेंडर्स की विस्थापन की प्रक्रिया को पहले पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जितने भी स्ट्रीट वेंडर्स यहां ठेला और गुमटी लगाकर अपने व अपने परिवार के लिए कड़ी मेहनत कर दो वक्त की रोटी कमा रहें हैं सबसे पहले उनकी रोजी रोटी को छिनने की बजाय उनके लिए पर्याप्त व्यवस्था करना सबसे पहला कर्तव्य है।

विधायक, महापौर और पार्षद आकाश तिवारी ने वहां उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया की सबसे पहले पानी, बिजली व पर्याप्त व्यवस्थाओं के साथ उपलब्ध स्थान पर इन सभी स्ट्रीट वेंडर्स को नए जगह पर विस्थापित किया जाए। ताकि उन्हें आर्थिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित न होना पड़े। उन्हें विस्थापित करने और समुचित व्यवस्था होने के बाद ही उन्हें यहां से हटाया जाए ताकि उन्हें अपने और पाने परिवार का जीवन यापन करने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। विधायक कुलदीप जुनेजा और महापौर एजाज ढेबर द्वारा कार्रवाई को रुकवाने और स्ट्रीट वेंडर्स के विस्थापन के लिए अधिकारियों को निर्देशित करने के लिए सभी स्ट्रीट वेंडर्स ने उनका आभार व्यक्त किया।

# मरकाम की अध्यक्षता में होगी बैठक,शैलजा भी आ सकती हैं

**पीसीसी चीफ करेंगे अध्यक्षता,19 की बैठक में प्रदेश कार्यकारणी,जिला अध्यक्ष और सीएम सहित प्रदेश प्रभारी शैलजा समेत सह प्रभारी डॉ चंदन यादव और सप्तगिरी उल्का भी होंगे शामिल**

रायपुर ,14 दिसम्बर 2022(ए)। फरवरी में प्रस्तावित अधिवेशन एवं हाथ जोड़ो यात्रा की तैयारी सहित कुछ अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस की बड़ी बैठक 19 दिसंबर को होगी। बैठक की अध्यक्षता पीसीसी चीफ मोहन मरकाम करेंगे। बैठक में सीएम भूपेश बघेल, दोनों प्रदेश सह प्रभारी के अलावा नई प्रभारी कुमारी सैलजा के भी आने की उम्मीद है। बैठक में अधिवेशन की तैयारियों के साथ कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के साथ ही योजनाबद्ध क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदारी भी दी जाएगी। प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में फरवरी में प्रस्तावित कांग्रेस महाधिवेशन, हाथ जोड़ो यात्रा सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। इस बड़े कार्यक्रम के जरिए कांग्रेस छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में चुनावी आगाज करेगी। एआईसीसी ने छत्तीसगढ़ संगठन को बड़ी जिम्‍मेदारी दी है।

2 फरवरी से 4 फरवरी तक कांग्रेस का महाधिवेशन प्रस्तावित है। इस महाधिवेशन में यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित देशभर से कांग्रेसी नेता शिकरत करेंगे। दिल्ली में रविवार को हुई कांग्रेस की स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया है। छत्तीसगढ़ ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।




### कांग्रेस के लिए छग. बनेगा 2023 चुनाव का रोल मॉडल

छत्तीसगढ़ के साथ ही साथ पांच राज्यों में 2023 में चुनाव है। इसलिए छत्तीसगढ़ को चुनावी रणनीति के लिहाज से कांग्रेस के लिए सबसे आइडियल पेश किया जाएगा। छग.कोरोना के समय भी न्याय योजनाओं के जरिए लोगों की जेब तक सफलता पूर्वक पैसा पहुंचाया। इससे माली हालात दुरुस्त रहे। इसे केंद्र सहित कई नामी आर्थिक एजेंसियों ने सराहा है। इसी मॉडल को हिमाचल प्रदेश चुनाव में प्रस्तुत किया गया। इसका असर दिखा और वहां कांग्रेस की सरकार बनी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)